वर्ष : 33 ▸ अंक : 86 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, बुधवार, 12 जून 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित


पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

पिछले चार वर्ष 2021 से 2024 में जनवरी से मई पांच माह में मरीजों की संख्या

| | |
|---|---|
| **मलेरिया** | |
| 2021 | 1401 |
| 2022 | 893 |
| 2023 | 1190 |
| 2024 | 1612 |
| **डेंगू** | |
| 2021 | 37 |
| 2022 | 84 |
| 2023 | 356 |
| 2024 | 338 |
| **चिकुनगुनिया** | |
| 2021 | 0 |
| 2022 | 4 |
| 2023 | 61 |
| 2024 | 21 |
| **गैस्ट्रो** | |
| 2021 | 1098 |
| 2022 | 2363 |
| 2023 | 6177 |
| 2024 | 3478 |
| **हेपेटायटिस** | |
| 2021 | 64 |
| 2022 | 188 |
| 2023 | 254 |
| 2024 | 248 |

# सूबे में बीमारियों का बढ़ा प्रकोप

## प्रदेश सरकार ने सभी नगर निकायों को संक्रामक रोगों के फैलाव को रोकने के लिए दिया निर्देश



**धीरज सिंह | मुंबई**

प्रदेश सरकार ने सभी नगर निकायों को संक्रामक रोगों के फैलाव को रोकने के लिए उचित उपाय करने को कहा है। मंगलवार को राज्य के नगर विकास विभाग ने इस बारे में परिपत्र जारी किया गया है। इसके मुताबिक राज्य के सभी नगर निकायों को संक्रामक रोगों का फैलाव रोकने के लिए दूषित पानी, कचरा प्रंबधन, खाऊ गल्ली की स्वच्छता, पानी के नमूने की जांच और नाली को साफ रखने के लिए उचित कार्यवाही करनी होगी। सभी निकायों को सरकार के इस दिशा निर्देश का कड़ाई से पालन करना होगा।

### कोर्ट के आदेश को प्रभावी रूप से लागू करने को कहा

इससे पहले हाईकोर्ट ने 25 अक्टूबर 2016 को एक याचिका की सुनवाई में मलेरिया, डेंगू जैसे संक्रामक रोगों के नियंत्रण करने के लिए सभी महानगर पालिकाओं को तुरंत उचित कदम उठाने को आदेश दिया था। सरकार ने अदालत के आदेश को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कहा है।

### डेंगू, मलेरिया की रोकथाम के लिए बीएमसी सक्रिय

बृहन्मुंबई मनपा की ओर से डेंगू और मलेरिया सहित अन्य बरसाती बीमारियों की रोकथाम के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत विशेष लक्ष केंद्रीत अर्थात 'फोकाय' (Foci) पद्धति के तहत कार्य किया जाएगा। मुंबई में डेंगू और मलेरिया के सर्वाधिक मरीज जिस विभाग में मिले हैं वहां विशेष ध्यान दिया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संघटना और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र सरकार की तरफ से यह योजना क्रियान्वित करने का निर्देश बृहन्मुंबई मनपा के स्वास्थ्य विभाग को मिला है। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों का अध्ययन कर इस बारे में योजना बनाने का निर्देश आयुक्त तथा प्रशासक भूषण गगराणी सहित अतिरिक्त मनपा आयुक्त (पश्चिम उपनगर) डॉ. सुधाकर शिंदे ने दिया है। उसके अनुसार विभागवार लार्वा सर्वेक्षण और लार्वा उत्पत्ति स्थान ढूंढने की मुहिम चलाने सहित प्रशिक्षण और जनजागृति मुहिम क्रियान्वित करने का कार्य कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शहा की देख रेख में शुरू है। वर्ष 2021 और 2022 की तुलना में वर्ष 2023r मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण मनपा की ओर से मरीजों के पंजीकरण का कार्य बढ़े पैमाने पर बढ़ना है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### मलावी उपराष्ट्रपति की प्लेन क्रैश में मौत

**लिलोंग्वे।** पूर्वी अफ्रीका के देश मलावी के उपराष्ट्रपति साउलोस चिलिमा की विमान दुर्घटना में मौत हो गई है। सोमवार की सुबह उनको लेकर जा रहा मलावी रक्षा बल के विमान का संपर्क टूट गया था। इसके बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया। सर्च ऑपरेशन के बाद साउलोस की मौत हो जाने की बात सामने आई। मलावी के राष्ट्रपति लाजारस चकवेरा ने बताया कि 24 घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद उपराष्ट्रपति के विमान का मलबा बरामद हुआ है। विमान में उपराष्ट्रपति के अलावा 9 और लोग सवार थे, सभी की हादसे में जान चली गई। चिलिमा को 2022 में भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार भी किया गया था। उन पर सरकारी अनुबंध देने के बदले में पैसे लेने का आरोप लगा था, जिसमें वह बरी हो गए थे। उनके केस से छूट जाने के बाद राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का भी रास्ता साफ हो गया था।

### लापता महिला का पता नहीं लगा सकी पुलिस

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक महिला का पता लगाने में सतही जांच के लिए महाराष्ट्र पुलिस को फटकार लगाई। महिला तीन महीने पहले अपने बच्चे को छोड़कर राजस्थान जाने के बाद लापता हो गई थी। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपठ ने कोल्हापुर के पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि वह राजस्थान के जालोद में अपने समकक्षों के साथ समन्वय करें और यह सुनिश्चित करें कि महिला का पता लगाया जाए और 20 जून को अदालत में पेश किया जाए। पीठ ने कहा कि इस पर भरोसा करना मुश्किल है कि दो राज्यों महाराष्ट्र और राजस्थान की पुलिस मशीनरी एक महिला का पता लगाने में असमर्थ है। पीठ कोल्हापुर की महिला के पति की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### विभागों के बंटवारे को लेकर खुश नहीं नायडू-नीतीश : राउत

**मुंबई।** केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी सरकार का गठन हो गया है। 9 जून को हुए शपथ ग्रहन के बाद सोमवार को सभी मंत्रियों को विभागों की जिम्मेदारी दी गई। इस बीच, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने मंगलवार को नीतीश कुमार और एन चंद्रबाबू नायडू को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी नीतीश कुमार और एन चंद्रबाबू नायडू "असंतुष्ट" हैं। संजय राउत ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एनसीपी प्रमुख शरद पवार के लिए इस्तेमाल किए गए शब्द 'भटकती आत्मा' का भी जिक्र किया।

**मौसम**

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 29.0-23.0 | 79% |

| | | |
|---|---|---|
| सूर्यास्त | बुधवार | 07:16 बजे |
| सूर्योदय | गुरुवार | 06:00 बजे |

# 'मुझे रास्ते से हटाने की कोशिश कर रही सरकार'

## मनोज जरांगे का सरकार पर सनसनीखेज आरोप

**अमित बृज | मुंबई/जालना**

मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे एक बार फिर मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनशन पर बैठ गए है। इस बीच उन्होंने महाराष्ट्र की शिंदे सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। जरांगे ने कहा कि मैं मराठा समाज को आरक्षण दिलाने के लिए अनशन पर बैठा हूं। एक तरफ सरकार हमसे बात कर रही है, जबकि दूसरी तरफ मुझे रास्ते से हटाना चाह रही है। जरांगे के आरोपों पर शिंदे सरकार की ओर से सफाई दी गई है। उन्होंने कहा कि मनोज जरांगे को कोई भी रास्ते से हटाना नहीं चाह रहा है।

### मुझे रास्ते से हटाने का प्रयास



जानकारी के लिए बता दें कि मनोज जरांगे जालना जिले में अंतरवाली सराटी गांव में भूख हड़ताल शुरू की है। मनोज जरांगे की मांग है कि मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण दिया जाना चाहिए। आज उनके अनशन का चौथा दिन है, उनकी तबीयत बिगड़ती जा रही है। जरांगे ने किसी भी तरह के मेडीकल ट्रीटमेंट लेने से मना कर दिया है। अपने हड़ताल के चौथे दिन मीडिया से बात करते हुए जरांगे ने कहा कि शिंदे सरकार मुझे रास्ते से हटाने का प्रयास कर रही है।

### शिंदे सरकार सरकार ने दी सफाई

जरांगे के आरोपों के बाद शिंदे सरकार की ओर से सफाई दी गई है। शिवसेना के विधायक संजय शिरसाट ने इस बात कि पुष्टी करते हुए कहा कि मनोज जरांगे को कोई भी रास्ते से हटाना नहीं चाह रहा है, कोई ऐसा कर ही नहीं सकता। मनोज जरांगे पाटिल के रूप में एक बड़ा नेता महाराष्ट्र में सामने आया है। हम यह भी कह सकते है कि उनके रूप में मराठा समाज को नेतृत्व मिला है। अतीत में कई लोगों ने मराठा समुदाय को गुमराह किया है। इन सबके विकल्प की तौर पर जरांगे सामने आए है। इसलिए हो सकता है कि कोई और उन्हें रास्ते से हटाना चाह रहा है। लेकिन राज्य सरकार उन्हें हटाने की कोशिश कर रही है, न कभी करेगी।

### मांग को लेकर एक दो दिन में फैसला

शिवसेना के विधायक ने कहा कि मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मनोज जरांगे की मांग को लेकर सकारात्मक चर्चा चल रही है। उनकी मांगों पर हम क्या कर सकते हैं इस पर एक दो दिन में फैसला आ जाएगा। इस सिलसिले में कल एक बैठक हुई, ऐसी ही एक बैठक आज या कल होगी। सरकार मराठा समाज को न्याय देने के लिए सरकार प्रयासरत है, इसका परिणाम आपको दो तीन देखने को मिल जाएगा।

# स्कूली विद्यार्थियों के लिए मंजूर नया मेन्यू

## लगातार 12 दिन दिए जाएंगे अलग-अलग आइटम

**मुंबई।** वेजिटेबल पुलाव, अंडा पुलाव, मसाला भात, सोयाबीन पुलाव, उसल, खीर जैसे खाद्य पदार्थों को शामिल कर विद्यार्थियों को दिए जाने वाले दोपहर के भोजन को और ज्यादा पौष्टिक और रुचिकर बनाने की तैयारी की जा रही है। जिस दिन अंडा पुलाव बनेगा उस दिन शाकाहारी विद्यार्थियों को स्थानी फल दिए जाएंगे। विद्यार्थियों को खाने के लिए रोजाना अंकुरित आहार (स्प्राउट्स) भी दिए जाएंगे। शिक्षा निदेशक (प्राथमिक) की अध्यक्षता में गठित समिति ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत दिए जाने वाले दोपहर के भोजन के मेनू को मंजूरी दे दी है। इसके तहत राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को 15 प्रकार के खाद्यपदार्थ परोसे जाएंगे। जो मेनू तैयार किया गया है उसके मुताबिक



लगातार 12 दिन विद्यार्थियों को अलग-अलग खाद्य पदार्थ दिए जाएंगे। खाद्य पदार्थ किस तरह तैयार किया जाना है इसकी रेसिपी भी जारी की गई है। साथ ही यह प्रति विद्यार्थी कितना खाद्यपदार्थ दिया जाना है इसकी मात्रा भी निर्धारित की गई है। स्कूली शिक्षा विभाग ने मंगलवार को इससे जुड़ा शासनादेश जारी किया है।

**आईएनएस विक्रांत केस**

# नेता किरीट सोमैया ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नितिन तोरस्कर | मुंबई**

बीजेपी के नेता किरीट सोमैया ने अपने खिलाफ आईएनएस विक्रांत केस के जल्द निपटारे के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर किया है। याचिका में दावा किया गया है कि पिछले डेढ़ साल से याचिकाकर्ता के खिलाफ मामला एस्प्लेनेड कोर्ट में चल रहा है। इस मामले का जल्द निपटारा होना चाहिए। अदालत ने एस्प्लेनेड कोर्ट को मामले का जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया है।

### अदालत ने एस्प्लेनेड कोर्ट को मामले का जल्द निपटारा करने का दिया निर्देश



न्यायमूर्ति ए.एस.गडकरी और न्यायमूर्ति डॉ.नीला गोखले की खंडपीठ के समक्ष मंगलवार को किरीट सोमैया की दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता पर आईएनएस विक्रांत को बचाने के लिए पैसा इकट्ठा करने में फर्जीवाड़े का आरोप है। इस मामले में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। पिछले डेढ़ साल से मामले की सुनवाई एस्प्लेनेड कोर्ट में चल रही है। इस मामले का जल्द निपटारा किए जाने का अनुरोध है। खंडपीठ ने एस्प्लेनेड कोर्ट के मामले का जल्द निपटारे करने का निर्देश दिया है।

### आईएनएस विक्रांत को बचाने के लिए पैसा इकट्ठा करने में फर्जीवाड़े का आरोप

किरीट सोमैया ने विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को बचाने के लिए चंदा इकट्ठा किया था। चंदे में कथित करोड़ों का फर्जीवाड़ा हुआ है। पूर्व सैन्यकर्मी की शिकायत पर ट्रॉम्बे पुलिस स्टेशन में किरीट सोमैया, उनके बेटे नील और अन्य आरोपियों के खिलाफ आपराधिक विश्वासघात और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

# कुख्यात गैंगस्टर अबू सलेम को सता रहा जान का खतरा

## तलोजा जेल से नहीं होना चाहता शिफ्ट, कोर्ट में दाखिल की याचिका

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

जेल में बंद गैंगस्टर अबू सलेम को अपनी जान का खतरा सता रहा है। उसने मुंबई सेशन कोर्ट में अर्जी दाखिल की है कि उसे तलोजा जेल से किसी दूसरी जेल में शिफ्ट न किया जाए।



### सलेम की वकील का बयान सामने आया

सलेम की वकील अलीशा पारेख का कहना है, 'उसने यह अर्जी दाखिल की है क्योंकि उसे लगता है कि उसकी जान को खतरा है। तलोजा जेल ने जवाब देते हुए कहा है कि निचली कोठरी की हालत अच्छी नहीं है और इसे दोबारा बनाने की जरूरत है। उसके लिए कोई अन्य सुरक्षित स्थान नहीं है, इसलिए उसे किसी अन्य जेल में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। फिलहाल हमें अंतरिम राहत मिली है। पहले भी सलेम पर दो बार हमला हो चुका है।'

### 1993 सिलसिलेवार बम धमाकों के सिलसिले में दोषी

बता दें कि अबू सलेम को मुंबई 1993 सिलसिलेवार बम धमाकों के सिलसिले में दोषी ठहराया गया था। उसे 2005 में पुर्तगाल से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। सलेम को 2015 में मुंबई के एक बिल्डर प्रदीप जैन की हत्या और 2017 में 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

### तलोजा जेल की होनी है मरम्मत, डी कंपनी के गुर्गों से डर

सलेम को तलोजा जेल में कड़ी सुरक्षा वाले सेल में रखा गया है। खबर मिली है कि जेल अधिकारी इस सेल की मरम्मत करवाना चाहते हैं, इसलिए यहां के कैदियों को दूसरी जेल में शिफ्ट करना चाहते हैं। वहीं सलेम का कहना है कि तलोजा जेल ही उसके लिए सुरक्षित है। दूसरी जेलों में अन्य गिरोह के लोग हैं, जिनसे उसकी जान को खतरा हो सकता है। दरसअल दूसरी जेलों में डी कंपनी के गुर्गे बंद हैं।

**राजनीति** › बारामती से अजित के खिलाफ लड़ेंगे युगेंद्र ?

# भतीजे को भतीजे से मात दिलवाने की रणनीति

**मुनीब चौरसिया | बारामती**

ऐसा लगता है कि एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने चाचा शरद पवार से पंगा लेकर अपने राजनीतिक करियर के साथ खिलवाड़ कर लिया है। शरद पवार किसी भी स्थिति में उनको माफ करने को तैयार नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अजित पवार को बुरी तरह घेरने के बाद आगामी विधानसभा चुनाव में उनको निपटाने की रणनीति अभी से बनानी शुरू कर दी है। शरद पवार राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। राज्य में दिवाली से पहले अक्टूबर में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं।



### फिर एक बार पवार वाया पवार

अब उम्मीद जताई जा रही है कि बारामती विधानसभा में एक बार फिर पवार वाया पवार के बीच मुकाबला होगा। एनसीपी शरद चंद्र पवार की पार्टी से उम्मीदवार के तौर पर युगेंद्र पवार के नाम की चर्चा शुरू हो गई है। युगेंद्र पवार के कार्यकर्ताओं ने शरद पवार से मुलाकात की है। कार्यकर्ताओं ने शरद पवार से मांग की है कि पार्टी को बारामती विधानसभा चुनाव में युगेंद्र पवार को मौका देना चाहिए।

### तीन दिवसीय बारामती दौरे पर हैं शरद पवार

पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार तीन दिवसीय बारामती दौरे पर हैं। इस बीच उपमुख्यमंत्री अजित पवार के भतीजे युगेंद्र पवार के सत्तर कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात की। कार्यकर्ताओं ने शरद पवार से मांग की कि युगेंद्र पवार को पार्टी बारामती विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाए। तो अब ये देखना अहम होगा कि शरद पवार क्या फैसला लेते हैं। युगेंद्र पवार, अजित पवार के सगे बड़े भाई श्रीनिवास पवार के बेटे हैं। यानी शरद पवार इस बार बारामती विधानसभा में भतीजे अजित को उनके भतीजे युगेंद्र से पटखनी दिलाने की तैयारी कर सकते है।

### आगाज अजीत पवार का, अंजाम तक ले जाएंगे शरद पवार

बारामती शरद पवार का अपना गढ़ रहा है। यह अजित पवार का भी गढ़ है। लेकिन, लोकसभा चुनाव में बारामती से अजित पवार ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को मैदान में उतारकर सीनियर पवार को सीधी चुनौती पेश की थी। हालांकि यहां से शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने शानदार जीत हासिल की है। इस जीत ने साबित कर दिया कि बारामती शरद पवार के अलावा किसी और की नहीं सुनती। अब बारामती विधानसभा सीट पर चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। यहां से अजित पवार विधायक हैं। लोकसभा चुनाव में बारामती क्षेत्र से सुप्रिया सुले ने अच्छी बढ़त हासिल की थी।

**नीट परीक्षा**

# सुप्रिया सुले ने सरकार को घेरा

## मामले की एसआईटी से जांच कराने की रखी मांग



**दोपहर संवाददाता | पुणे**

नीट परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। परीक्षा देने वाले छात्र लगातार इसे लेकर सोशल मीडिया पर अभियान चला रहे हैं और गड़बड़ी की जांच के साथ री-एग्जाम की मांग कर रहे हैं। विपक्षी दल भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरने का प्रयास कर रहे हैं। मंगलवार को एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने गड़बड़ी की जांच के लिए एसआईटी की गठन की मांग की और पूरे घटनाक्रम को सरकार की विफलता बताया। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी हो सके इस मामले पर एसआईटी का गठन किया जाना चाहिए। छात्रों को परेशानी हो रही है और मानव संसाधन विकास मंत्रालय को इस बारे में सोचना चाहिए और छात्रों के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेना चाहिए। पूरी विफलता केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। ▸ पेज 8 भी देखें

# डायपर बनाने वाली कंपनी में भीषण आग

## लाखों के माल सहित कंपनी की पूरी बिल्डिंग जलकर खाक

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी तालुक में सरवली एमआईडीसी में सदाशिव हाइजीन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की डायपर बनाने वाली फैक्ट्री में अल सुबह करीब तीन बजे भयानक आग लग गई। इस कंपनी की बिल्डिंग के बेसमेंट और तीन मंजिलों में बड़े पैमाने पर कपास, कपड़ा और प्लास्टिक का कच्चा माल रखा हुआ था, इसलिए आग हर जगह फैल गई और आग की लपटों ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही भिवंडी के बाद कल्याण ठाणे से फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, लेकिन पानी की कमी के कारण आग बुझाना मुश्किल हो रहा था। करीब सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मी आग पर काबू पा सके।

### सैकड़ों कंपनियां लेकिन यहां अग्निशमन प्रणाली या पानी की उपलब्धता की कोई सुविधा नहीं



आग लगने का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन सौभाग्य से आग में कोई जनहानि नहीं हुई। सरवली एमआईडीसी क्षेत्र में सैकड़ों कंपनियां हैं और यहां अग्निशमन प्रणाली या पानी की उपलब्धता की कोई सुविधा नहीं है। एमआईडीसी एरिया में इस आधुनिक युग में फायर ब्रिगेड की सुविधा उपलब्ध न होना अपने आप में सरकार और प्रशासन की खामियों को साफ उजागर करता है।

# उद्धव ठाकरे से कांग्रेस नेता नाना पटोले नाराज

## उद्धव ठाकरे पर फोन नहीं उठाने का लगाया आरोप

**एजेंसी । मुंबई**

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। महाराष्ट्र में कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 13 सीटें जीतीं। इसके बाद महाविकास अघाड़ी में ठाकरे ग्रुप को 9 और शरद पवार ग्रुप को 8 सीटें मिलीं। इस चुनाव के बाद महाविकास अघाड़ी के नेताओं का आत्मविश्वास जरूर बढ़ा है, लेकिन अब विधान परिषद चुनाव को लेकर नाराजगी की बात सामने आ रही है। नाराजगी की बात इसलिए क्योंकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने दावा किया है कि उन्होंने ठाकरे गुट के मुखिया उद्धव ठाकरे को फोन किया था, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। महाराष्ट्र में विधान परिषद की सभी चार सीटों के लिए ठाकरे गुट ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। ठाकरे गुट की ओर से उम्मीदवार की घोषणा से कांग्रेस नाराज हो गई है। कांग्रेस ने ठाकरे समूह से कोंकण और नासिक सीटों से उम्मीदवार वापस लेने की मांग की है। नाना पटोले ने कहा है कि विधान परिषद चुनाव में उद्धव ठाकरे ने उम्मीदवारों की घोषणा की है।



### उद्धव ने बिना बताए खड़ा कर दिया उम्मीदवार

ठाकरे गुट को लेकर नाना पटोले ने कहा कि विधानसभा परिषद में उद्धव ने बिना बातचीत किए अपने उम्मीदवार खड़े कर दिए हैं। यही अगर बातचीत करके खड़ा करते तो ज्यादा बेहतर होता। हमने उद्धव से संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन बातचीत नहीं हो पाई। उम्मीदवारों के नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 12 जून है। ऐसे में कल का दिन देखते हैं फिर आगे बात करते हैं।

### पटोले ने डैमेज कंट्रोल की भी कोशिश की

अभी तक तो नाना पटोले ने यह संकेत देने की कोशिश की है कि महाविकास अघाड़ी में सब कुछ ठीक चल रहा है। कोई नाराजगी और असहमति नहीं है। पटोले ने कहा कि सभी सांसद उनसे मिल रहे हैं। सभी से चर्चा चल रही है। चर्चा होगी। हम महाविकास अघाड़ी के रूप में काम करेंगे। हम चाहते थे कि विधान परिषद के उम्मीदवारों पर हर कोई एक संयुक्त चर्चा करे उसके बाद फैसला ले।

### विधान परिषद चुनाव के लिए कब है मतदान?

विधान परिषद के चार निर्वाचन क्षेत्रों मुंबई शिक्षक और मुंबई स्नातक, कोंकण संभाग स्नातक, नासिक संभाग शिक्षक क्षेत्र के लिए 26 जून को मतदान होगा। पहले 7 जून को चुनाव होना था, लेकिन शिक्षक संघों ने स्कूल की छुट्टियों के कारण मतदान तिथि स्थगित करने का अनुरोध किया था। इस चुनाव के लिए अब हर पार्टी ने कमर कस ली है।

# धारदार चाकू के साथ तड़ीपार आरोपी गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**




भिवंडी में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले एक आरोपी मोहम्मद शकील मोहम्मद शफीक शेख को नारपोली पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया है, जब वह दो साल के लिए तड़ीपार होने के बाद भी भिवंडी शहर में धारदार चाकू लेकर घूम रहा था। आरोपी मोहम्मद शकील मोहम्मद शफीक शेख की आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए उसे दो साल की अवधि के लिए ठाणे, पालघर, मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, नवी मुंबई और रायगढ़ जिलों से तड़ीपार किया गया था। इस निर्वासन आदेश का उल्लंघन करते हुए गश्त पर निकली पुलिस ने उसे लोहे का धारदार चाकू लेकर घूमते हुए पाया। उसी समय पुलिस ने उसे बिना देर करते हुए हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# लोस चुनाव में मतदान करने वाले 4 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**एजेंसी । मुंबई**

एंटी टेरेरिस्ट स्कॉड (एटीएस ) टीम ने मुंबई में फर्जी दस्तावेज की मदद से लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले चार बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस इन चारों को फर्जी दस्तावेज बनवाने में मदद करने वाले शख्स की तलाश कर रही है। एटीएस सूत्रों के अनुसार एटीएस की जुहू टीम को लोकसभा चुनाव में कुछ बांग्लादेशियों द्वारा मतदान करने की सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर एटीएस टीम ने रियाज़ हुसैन शेख (33 वर्ष) को अंधेरी से, सुल्तान सिद्दिकी शेख (54 वर्ष) को मालाड मालवणी से, इब्राहिम शफीउल्लाह शेख (46 वर्ष) को माहुल गांव और फारूक उस्मान गनी शेख (39 वर्ष) को जोगेश्वरी से गिरफ्तार किया है। एटीएस ने इन चारों बांग्लादेशियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 465, 468, 471, 34 और भारतीय पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 12 (1ए) के तहत मामला दर्ज किया है।



### गहन छानबीन जारी

अब तक की जांच में इन लोगों को फर्जी दस्तावेज मुहैया करवाने वाले एक आरोपित की तलाश जारी है। यह भी जानकारी मिली है कि 5 अन्य बांग्लादेशियों के फर्जी दस्तावेज बनाए गए हैं। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

# पांच माह की बेटी की फर्श पर पटककर हत्या करने वाला गिरफ्तार

**एजेंसी । नवी मुंबई**

नवी मुंबई के उरन इलाके में पुलिस ने अपनी पांच माह की बेटी की फर्श पर पटक कर हत्या करने के आरोप में युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उरन पुलिस आरोपित पिता खुशीराम (उम्र 20 साल ) से पूछताछ कर रही है।



### आरोपी को थी शराब पीने की लत

पुलिस के मुताबिक खुशीराम, पत्नी अमृता और पांच माह की बच्ची के साथ उरन इलाके में रहता था। खुशीराम मजदूरी का काम करता था और उसे शराब पीने की लत थी। इससे परेशान अमृता रविवार को खुशीराम से विवाद के बाद मायके चली गई थी। इसके बाद खुशीराम उसे वापस लाने के लिए अपनी ससुराल पहुंचा लेकिन अमृता ने वापस आने से इनकार कर दिया। इसके बाद खुशीराम अपनी बेटी को वापस घर ले जाने की जिद करने लगा। इसी विवाद में उसने गुस्से से अपनी बेटी को उठाकर फर्श पर पटक दिया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद उरन पुलिस ने खुशीराम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है।

# बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे में पड़ोसी की 18 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में 21 वर्षीय एक युवक के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। ठाणे पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक दुष्कर्म के कारण पीड़िता गर्भवती हो गई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में एक बालक को जन्म देने के बाद पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।



### पिछले साल हुआ था यह कथित वारदात

उन्होंने बताया कि दुष्कर्म की यह कथित घटना पिछले साल हुई थी, जब आरोपी युवक ने पीड़ित लड़की को अपने घर पर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के सिलसिले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गयी है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस घटना के सिलसिले में भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# फूड डिलीवरी करने वाले युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत




**दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई**

नवी मुंबई इलाके में एक ट्रक ने फूड डिलीवरी फर्म के लिए काम करने वाले युवक की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान अंजनी कुमार मौर्या के रूप में हुई है। अंजनी सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे एक ऑर्डर की डिलीवरी करने जा रहा था, तभी कोपरा इलाके में एक ट्रक ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे अंजनी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौर्या को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# विनीत अभिषेक ने पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार किया ग्रहण

**एजेंसी । मुंबई**

2010 बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा (IRTS) के वरिष्ठ अधिकारी विनीत अभिषेक ने 10 जून, 2024 को पश्चिम रेलवे के नए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (CPRO) का कार्यभार ग्रहण किया है। प्रबंधन में स्नातक विनीत को शहरी नियोजन और परिवहन में 19 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है और आपने सार्वजनिक, कॉर्पोरेट और गैर-लाभकारी क्षेत्रों में काम किया है। इससे पूर्व पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के रूप में आपने टिकट जाँच और गैर-किराया राजस्व के क्षेत्र में कई पहलों की शुरुआत की, जिसके कारण मंडल ने अपने इतिहास में पहली बार वर्ष 2023-2024 में 4000 करोड़ रुपये के राजस्व का आंकड़ा पार कर लिया।

### अनुभव और ज्ञान का भंडार

विनीत ने वर्ष 2019-2020 और 2021-2023 के दौरान मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT), यूएसए में उच्च अध्ययन और शोध कार्य किया, जहां हार्वर्ड केनेडी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट में क्रॉस रजिस्ट्रेशन के साथ आपने सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग, म्यूनिसिपल फाइनेंसिंग, बजटिंग और पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) में विशेषज्ञता हासिल की। एमआईटी में आपने ह्यूबर्ट एच. हम्फ्रे फुलब्राइट फेलोशिप, जेएन टाटा फेलोशिप और एमआईटी की गवर्नेंस इनोवेशन रिसर्च फेलोशिप जैसी विभिन्न फेलोशिप हासिल कीं। अपने उच्च अध्ययन के दौरान विनीत ने मैसाचुसेट्स बे ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी के साथ TOD प्रोजेक्ट, आईटीडीपी, अफ्रीका के साथ अर्बन ट्रांसपोर्ट फाइनेंसिंग प्रोजेक्ट, विश्व बैंक के साथ चेन्नई सिटी पार्टनरशिप प्रोजेक्ट, नैरोबी मेट्रोपोलिटन एरिया ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के साथ पब्लिक बस इलेक्ट्रिफिकेश प्रोजेक्ट और इंस्टिट्यूट फॉर ट्रांसपोर्टेशन एंड डेवलपमेंट पॉलिसी (ITDP) + इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ पब्लिक ट्रांसपोर्ट (UITP) जैसी विभिन्न ऑन-साइट परियोजनाओं का हिस्सा रहे।



'घर वापसी' की बेचैनी

# लोकसभा चुनाव नतीजों से महाराष्ट्र में बदले समीकरण

## एकनाथ शिंदे और अजित पवार के विधायक आना चाहते हैं वापस

**एजेंसी । मुंबई**

लोकसभा चुनावों के बाद सबसे ज्यादा सियासी सरगर्मी महाराष्ट्र में देखी जा रही है। सीएम एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री अजित पवार के साथ शिवसेना और एनसीपी में आए विधायक अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। लोकसभा चुनावों में महाविकास आघाड़ी (MVA) को 30 सीटों पर जीत मिली है जब महायुति को 17 सीटें मिली हैं। लोकसभा चुनावों से निकले जनता के मूड को भांपकर अब शिंदे और अजित पवार के साथ वाले विधायकों में ज्यादा बैचेनी है। इसकी वजह है कि महाविकास आघाड़ी को राज्य की 288 विधानसभा में 150 पर लीड मिली हैं। महायुति 130 सीटों पर आगे रही। शरद पवार और उद्धव ठाकरे का साथ छोड़कर आए विधायक अब किसी तरीके से अपना सियासी भविष्य सुरक्षित करना चाहते हैं।



### विपक्ष को मिला मौका

अजित गुट के नेताओं का कहना है कि महायुति से उनके पुराने रिश्ते नहीं हैं। सिर्फ कामकाजी संबंध हैं। बीजेपी के साथ रहने धर्मनिरपेक्षता के दावे पर असर हुआ है। लोकसभा चुनावों में पार्टी ने दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक वोट बैंक खो दिए। यही वजह रही है कि पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई। अजित गुट के नेता चाहते हैं कि इस वोट बैंक को फिर से हासिल किया जाए। यही वजह है कि हवा को रुख भांप कर राज्य में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और डीसीएम अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के 40 विधायक घर वापसी के उत्सुक हैं।

### दोहरी सिंपैथी पड़ी भारी

राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि अगर महाराष्ट्र में वंचित बहुजन आघाडी (VBA) नेता प्रकाश आंबेडकर भी अगर महाविकास आघाडी के साथ होते तो नतीजे और फिर अलग हो सकते थे। अब देखना यह है कि लोकसभा में खुद भी चुनाव हारे प्रकाश आंबेडकर विधानसभा चुनावों के लिए क्या रणनीति अपनाते हैं। महाराष्ट्र में किसानों की नाराजगी के साथ मराठा आरक्षण और संविधान बदलने के मुद्दे काफी प्रभावी रहे। इसके अलावा महाविकास आघाडी के साथ दोहरी सिंपैथी रही। यह सिंपैथी उद्धव ठाकरे और शरद पवार को लेकर थी।

### हासिल किया बहुमत

केंद्र में भले ही पीएम मोदी की अगुवाई में बीजेपी बहुमत से दूर रही है लेकिन महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी ने लोकसभा चुनावों में बहुमत का आंकड़ा पार किया है। राज्य की 288 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 145 सदस्यों का है। महाविकास आघाडी 150 सीटों पर आगे रहा है। यही वजह है कि महाविकास आघाडी के दल लोकसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद अब विधानसभा की तैयारियों में जुट गए हैं। लोकसभा चुनावों में सिर्फ चार सीट पर लड़े अजित पवार ने 80 सीटों को मांगकर नई परेशानी खड़ी कर दी है, हालांकि लोकसभा चुनावों में जब उनके खाते में कम सीटें आई थीं। तब यह माना गया था कि बीजेपी इसकी भरपाई विधानसभा चुनावों में कर सकती है।

# दो अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की मौत, दो घायल

**एजेंसी । रायगढ़**

महाराष्ट्र के रायगढ़ और वर्धा जिले में सोमवार रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। इन दोनों हादसों की जांच स्थानीय पुलिस कर रही है।




### पहली घटना

रायगढ़ जिले के महाड तहसील के कलिजकोंड इलाके में सोमवार को देर रात एक तेज रफ्तार टेंपो ने सड़क पार कर रहे चार राहगीरों को कुचल दिया। इस हादसे में रवींद्र ढेबे और सचिन ढेबे की मौके पर ही मौत हो गई और संतोष ढेबे और नीलेश ढेबे घायल हो गए । दोनों घायलों को तत्काल महाड ग्रामीण अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। महाड पुलिस ने इस मामले में आरोपित पुलिस ने टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है।

### दूसरी दुर्घटना

दूसरी दुर्घटना वर्धा जिले के हिंगनघाट नेशनल हाईवे पर सोमवार रात हुई। एक तेज रफ्तार फॉच्यूनर फॉच्यूनर कार ने एक यात्री रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रिक्शा दो से तीन बार पलट कर दूर गिरा। इस हादसे में रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। इस हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रिक्शा चालक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पुलिस फरार कार चालक को सरगर्मी से तलाश रही है।

# सुनील प्रभु ने मानसून पूर्व कामों को लेकर अधिकारी को लिया आड़े हाथ

**नितिन तोरस्कर । मुंबई**

विधायक सुनील प्रभु ने मानसून पूर्व कामों को लेकर अधिकारी को लिया आड़े हाथ मुंबई। विधायक सुनील प्रभु ने मंगलवार को दिंडोशी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं को लेकर उपायुक्त एवं सहायक आयुक्त पी उत्तर किरण दिघावकर से मुलाकात की। इस दौरान दिंडोशी विभाग ने नालों की सफाई गड्ढों को भरना जैसे कार्य को लेकर बैठक की। इस बैठक के दौरान दिंडोशी सेक्शन में नालों की सफाई करने, वारंटी अवधि की सड़कों के साथ-साथ अन्य सड़कों के गड्ढे भरने और सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह सुनील प्रभु ने संस्कार कॉलेज में डीपी रोड खोलने के कार्य की भी जानकारी ली और पात्र प्रभावित लोगों को आसपास के क्षेत्र में पुनर्वास करने के निर्देश दिए।



दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** मनुष्य का गौरव और आत्मसम्मान उसकी सबसे बड़ी कमाई होती है : महाराणा प्रताप

न्यूज़ ब्रीफ

## बाजार समिति से 54 करोड़ से अधिक की ठगी

### महिला ने खुद को बैंक अधिकारी बताया

दोपहर संवाददाता | ठाणे

खुद को एक राष्ट्रीयकृत बैंक की अधिकारी बताकर मुंबई महानगर क्षेत्र लौह एवं इस्पात बाजार समिति से 54 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में एक महिला के विरुद्ध नवी मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज किया है। कलंबोली स्थित समिति के एक पदाधिकारी की ओर से दर्ज करवाई गई शिकायत के अनुसार, जून 2022 में पनवेल में एक महिला ने खुद को एक राष्ट्रीयकृत बैंक की प्रबंधक बताकर समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों से संपर्क किया। अधिकारी ने बताया कि महिला ने उनका विश्वास जीतते हुए फर्जी दस्तावेज के साथ कोटेशन प्रस्तुत करने के बाद उनसे उच्च ब्याज दर का वादा करते हुए समिति के धन को सावधि जमा में निवेश करने के लिए प्रलोभन दिया। उन्होंने बताया कि सदस्यों और पदाधिकारियों ने 54.28 करोड़ रुपये का निवेश किया, जिसके लिए आरोपी महिला ने फर्जी रसीदें जारी की। अधिकारी ने बताया कि जब समिति ने जमा की अवधि समाप्त होने पर धन वापसी और ब्याज की मांग की तो महिला टालमटोल करने लगी और धनराशि भी नहीं लौटाई। उन्होंने बताया कि आरोपी ने 24 मई 2024 को बैंक के कोषागार एवं निवेश विभाग की ओर से कथित तौर पर जारी एक फर्जी पत्र भी पेश किया, जिसमें धन और ब्याज राशि लौटाने के लिए और समय मांगा गया था।

# 'हमारे संपर्क में उद्धव ठाकरे की पार्टी के सांसद'

### कांग्रेस के बाद केंद्रीय मंत्री के दावे से महाराष्ट्र की सियासत में उबाल



दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की सियासत में उथल पुथल के संकेत तेज होते दिखाई दे रहे हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार के दावे के बाद मंगलवार को शिवसेना (शिंदे गुट) के सांसद प्रतापराव जाधव ने चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा है कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना के सांसद हमारे संपर्क में हैं।

#### तेज हुई सियासी हलचल

इस दौरान प्रतापराव ने दावा किया कि जिस दिन उद्धव ठाकरे की पार्टी के पांच से छह सांसद खुलकर आ जाएंगे, उस दिन हम उन्हें अपने साथ ले लेंगे। इस बार के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से उद्धव ठाकरे की शिवसेना के पाले में9 सीटे गई हैं। बता दें, विजय वडेट्टीवार ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजीत पवार की एनसीपी के 40 विधायकों के संपर्क में आने का दावा किया था। उनके इस बयान के बाद महाराष्ट्र में सियासी पारा बढ़ा दिया था। प्रतापराव जाधव बुलढाणा लोकसभा सीट से सांसद हैं।

#### कौन हैं प्रतापराव जाधव?

महाराष्ट्र की सत्ताधारी पार्टी शिवसेना (शिंदे गुट) में प्रतापराव जाधव कद्दावर नेता हैं। वह एकनाथ शिंदे के करीबी में गिने जाते हैं। लोकसभा चुनाव में जाधव ने बुलढाणा सीट से जीत दर्ज की हैं। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के नवगठित मंत्रिमंडल में शिवसेना (शिंदे गुट) से केवल जाधाव को चुना गया है। जाधव को स्वास्थ्य और आयुष राज्यमंत्री का जिम्मा सौंपा गया है। उनके राजनीतिक करियर की बात करें तो वो भी काफी बढ़िया रहा है। जाधव ने लोकसभा चुनाव में चौथी बार जीत हासिल की हैं। वह साल 2009, 2014 और 2019 में सांसद रह चुके हैं। प्रतापराव जाधव महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। इसके अलावा शिवसेना-भाजपा की सरकार में उन्हें राज्य मंत्री की कमान सौंपी गई थी। जाधव को सरपंच से विधायक और मंत्री तक के पदों का काफी अच्छा अनुभव रहा है।

## शेख को मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मिली पैरोल

### अदालत ने कहा- फाइव स्टार होटल से भी अधिक प्रति दिन पुलिस एस्कॉर्ट का 81 हजार 300 शुल्क



दोपहर संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट से मंगलवार को 2006 के लोकल ट्रेन बम विस्फोट मामले में दोषी मुजम्मिल शेख को मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए तीन दिन का पैरोल मिली है। अदालत ने बिना पुलिस एस्कॉर्ट के शुल्क के पैरोल देते हुए कहा कि फाइव स्टार होटल से भी अधिक प्रति दिन पुलिस एस्कॉर्ट का 81 हजार 300 रुपए का शुल्क है, जिसे याचिकाकर्ता को दे पाना मुश्किल है।

#### याचिका पर सुनवाई

न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजुशा अजय देशपांडे की खंडपीठ के समक्ष दोषी मुजम्मिल शेख की पैरोल के लिए वकील इब्राहिम की दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की वरिष्ठ वकील आइशा अंसारी ने दलील दी कि याचिकाकर्ता की मां का 17 अप्रैल को देहांत हो गया। उसे 40वें दिन की रस्म में शामिल होना है, जिसके लिए उन्हें 15 जून को अपने घर और कब्रिस्तान में रहना होगा। इसलिए याचिकाकर्ता को अपनी मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बिना पुलिस एस्कॉर्ट शुल्क का भुगतान किए 7 दिनों की पैरोल पर जाने की अनुमति दी जाए। याचिकाकर्ता प्रति दिन 81 हजार 300 रुपए पुलिस एस्कॉर्ट शुल्क नहीं दे सकता है। वह काफी समय से जेल में बंद है। सरकारी वकील ने बिना पुलिस एस्कॉर्ट शुल्क के पैरेल देने का विरोध किया। इस पर खंडपीठ ने कहा कि फाइव स्टार होटल से भी अधिक प्रति दिन के पुलिस एस्कॉर्ट का 81 हजार 300 रुपए शुल्क है। याचिकाकर्ता 7 दिनों के पैरोल के लिए प्रतिदिन के हिसाब से पुलिस एस्कॉर्ट का शुल्क क्या दे सकेगा?

#### बिना पुलिस एस्कॉर्ट का शुल्क दिए मिली पैरोल

खंडपीठ ने याचिकाकर्ता के वकील के अनुरोध पर 13 से 15 जून तक 3 दिनों के लिए बिना पुलिस एस्कॉर्ट शुल्क के पैरोल पर जाने की अनुमति दे दी। याचिकाकर्ता मीरा रोड के नया नगर इलाके का निवासी है और इस समय वह नासिक रोड सेंट्रल जेल में बंद है। 11 जुलाई 2006 को शहर की लोकल ट्रेनों में अलग-अलग स्थानों पर सात विस्फोट हुए थे, जिसमें 189 यात्रियों की मौत हुई थी और 824 यात्री घायल हुए थे। 8 साल तक चले मुकदमे के बाद 13 आरोपियों में से 12 को दोषी ठहराया गया था। 12 में से पांच को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत विशेष अदालत ने 2015 में मौत की सजा सुनाई थी। शेष आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

## सुप्रिया सुले ने मणिपुर हिंसा पर जताई चिंता

### 'इस राज्य के साथ ऐसा व्यवहार क्यों?'

दोपहर संवाददाता | मुंबई

भारत के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को मुख्यमंत्री एन. बिरेन सिंह के सुरक्षा काफिले पर उग्रवादियों ने हमला बोल दिया, जिसमें दो जवान घायल हो गए। हिंसाग्रस्त राज्य पर अब बारामती सांसद सुप्रिया सुले ने चिंता और आश्चर्य जताते हुए पूछा कि पूर्वोत्तर राज्य के साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है, जबकि यह देश का अभिन्न अंग है। सुले ने कहा कि जम्मू में आतंकवादी हमला उस समय हुआ जब नरेन्द्र मोदी ने

#### 'मणिपुर की स्थिति पर संसद में काफी चर्चा'

सुले से जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की उस टिप्पणी के बारे में पूछा गया कि पूर्वोत्तर राज्य में एक साल बाद भी शांति नहीं आ पाई है, तो उन्होंने कहा, "हम मणिपुर के मुद्दे पर सरकार से महीनों से सवाल पूछ रहे हैं। मणिपुर की स्थिति पर संसद में काफी चर्चा हुई। मणिपुर देश का अभिन्न अंग है। वहां के लोग, महिलाएं, बच्चे सभी भारतीय हैं।

#### बेरोजगारी का मुद्दा प्राथमिकता



सुले ने कहा कि दोबारा निर्वाचित सांसद के रूप में संसद में बेरोजगारी का मुद्दा उठाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने दोहराया कि हिंजवाडी स्थित राजीव गांधी इन्फोटेक पार्क से कंपनियों के जाने का मुद्दा चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि मराठा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ने एनसीपी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार से अनुरोध किया है कि वे एक बैठक बुलाएं और कंपनियों से महाराष्ट्र न छोड़ने का आग्रह करें। राकांपा (शरदचंद्र पवार) नेता ने कहा, "आईटी पार्क में 6 लाख से अधिक लोग काम कर रहे हैं और अगर कंपनियां यहां से जा रही हैं तो यह चिंताजनक है।"

## शपथ ग्रहण का राज ठाकरे को नहीं मिला इनविटेशन

### BJP ने कहा- जल्दी-जल्दी में निमंत्रण देना रह गया

दोपहर संवाददाता | मुंबई

नरेंद्र मोदी ने रविवार (9 जून) को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की उपलब्धि की बराबरी की। हालांकि, मोदी को बिना शर्त समर्थन देने वाले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे को शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण नहीं मिला था। इस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सफाई देते हुए कहा कि जल्दी जल्दी में राज ठाकरे को निमंत्रण देना रह गया। राज ठाकरे निमंत्रण नहीं देने को लेकर भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार ने मुंबई में पत्रकारों से कहा, "मैंने इस संबंध में बाला नंदगांवकर से बात की है। उन्होंने बताया कि उन्हें इस समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था। मैं इस बारे में वरिष्ठ नेताओं से जरूर चर्चा करूंगा। शायद जल जल्दी में उन्हें निमंत्रण देना रह गया होगा। हालांकि, इसके पीछे कोई अन्य भावना नहीं है।"



#### मैंने उनसे बात की: मुनगंटीवार

सुधीर मुनगंटीवार ने कहा, "अधिकारी शाही शिष्टाचार के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह के लिए मेहमानों की सूची तैयार करते हैं, इसलिए कभी-कभी करीबियों को निमंत्रण देना रह जाता है। हालांकि, अगर राज ठाकरे को आमंत्रित नहीं दिया गया है, तो इसका ध्यान केंद्रीय नेतृत्व को रखना चाहिए। इस पर केवल राज ठाकरे ही स्पष्ट रूप से बता सकते हैं कि उन्हें मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया था या नहीं। हालांकि, यह सच है कि मुझे सुधीर मुनगंटीवार का फोन आया था। मैंने उनसे बात की। मैंने उन्हें वह बता दिया जो मुझे बताना था। हालांकि, मुझे इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि राज ठाकरे से इस संबंध में कोई बातचीत हुई है या नहीं।"

#### 72 केंद्रीय और राज्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ



गौरतलब है कि रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नरेंद्र मोदी समेत 72 केंद्रीय और राज्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के कुछ राष्ट्राध्यक्षों सहित एनडीए के घटक दलों के नेता और उद्योगपति गौतम अडानी, मुकेश अंबानी, बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार, शाहरुख खान समेत कई बड़ी हस्तियां शामिल हुई थी। वहीं, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी इस समारोह में शामिल हुए थे।

## पेड़ों के नीचे न रुकने और वाहन पार्क न करेंने को लेकर जागरूकता

दोपहर संवाददाता | मुंबई

बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने मानसून पूर्व तैयारियों के तहत महानगर में खतरनाक पेड़ों का सर्वेक्षण और छंटाई भी की है। हालांकि, उद्यान विभाग ने मुंबईकरों से अपील की है कि वे बारिश के दौरान पेड़ों के नीचे न रुकें और पेड़ों के नीचे वाहन भी न पार्क करें। इसके लिए जगह जगह स्टीकर लगाए गए हैं। बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त और प्रशासक भूषण गगरानी, अतिरिक्त नगर आयुक्त (पूर्वी उपनगर) डॉ. अमित सैनी ने नगर निगम की सभी संबंधित प्रणालियों को मानसून के मौसम के अनुसार सतर्क और सुसज्जित रहने का निर्देश दिया है। तदनुसार, उद्यान विभाग ने उचित सावधानियां बरती हैं। मानसून के मौसम में संभावित खतरों की पहचान करते हुए, नगर निगम के उद्यान विभाग ने मुंबई शहर के सबसे खतरनाक पेड़ों की वैज्ञानिक तरीके से छंटाई की है। तेज हवा चलने की स्थिति में पेड़ या टहनियां गिरने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है, नागरिकों को बारिश के दौरान पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचना चाहिए। तेज हवा और बारिश के दौरान पेड़ गिरने या टहनियां टूटने की संभावना अधिक होती है। इसलिए, उद्यान विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे बारिश से खुद को बचाते हुए यथासंभव पेड़ों के नीचे रहने से बचें। इस संबंध में, उद्यान विभाग ने मुंबई शहर, पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में विभिन्न स्थानों पर सूचना पत्रक प्रदर्शित करके जन जागरूकता पैदा की है। उद्यान अधीक्षक जितेंद्र परदेशी ने मुंबईकरों से अपील की है कि वे इमारतों के परिसर के साथ-साथ हाउसिंग सोसाइटी, क्षेत्र में, सड़कों के आसपास खतरनाक दिखने वाले पेड़ों के बारे में प्रभागीय कार्यालय (वार्ड) में उद्यान विभाग से संपर्क करें।

## बीजेपी के बदले सुर, उद्धव ठाकरे की तारीफ में पढ़े कसीदे

### चंद्रकांत पाटिल ने कहा- उद्धव ठाकरे ने इलेक्शन में काफी मेहनत की

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पास आते ही अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सुर बदल गए हैं। उसने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के खिलाफ नरमी दिखानी शुरू कर दी है। भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल ने मंगलवार को ठाकरे की तारिफ करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान काफी मेहनत की लेकिन इसका सबसे अधिक लाभ कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) को हुआ।

#### 'ठाकरे अस्वस्थ्य थे लेकिन फिर भी प्रचार किया'



महाराष्ट्र के वरिष्ठ मंत्री पाटिल ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि ठाकरे अस्वस्थ्य थे लेकिन फिर भी उन्होंने जमकर प्रचार किया। उन्होंने कहा, "उद्धव ठाकरे ने खराब स्वास्थ्य के बावजूद काफी प्रयास किए। मैं उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित था। हालांकि, परिणाम बताते हैं कि उनके प्रयास से उनकी अपनी पार्टी से ज्यादा राकांपा-एसपी और कांग्रेस को फायदा हुआ। जब ठाकरे भाजपा के साथ थे, तब उनकी पार्टी ने 18 लोकसभा सीटें जीती थीं। कांग्रेस और राकांपा-एसपी के साथ मिलकर उन्होंने नौ सीटें जीतीं। उन्हें आत्मचिंतन की जरूरत है।"


#### MVA ने महाराष्ट्र में कर दिया खेला

गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति का खेला कर दिया। महा विकास अघाड़ी ने 48 लोकसभा सीटों में से कुल 30 सीटों पर कब्जा किया। ठाकरे की शिवसेना ने 21 सीटों पर चुनाव लड़ा और 9 सीटों पर उसे जीत मिली। दूसरी ओर कांग्रेस ने 17 सीटों पर चुनाव लड़ा और 13 पर उसे जीत मिली। वहीं, राकांपा-एसपी ने 10 सीटों पर चुनाव लड़ा और आठ पर जीत हासिल की।

## वर्सोवा गांव में तीन अवैध इमारतें खाली कराई गईं

### अवैध निर्माण के खिलाफ मनपा सख्त

दोपहर संवाददाता | मुंबई



बृहन्मुंबई महानगरपालिका वर्सोवा में अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। 11 जून, 2024 को महानगरपालिका के भवन एवं कारखाना विभाग तथा मुंबई उपनगरीय कलेक्ट्रेट की संयुक्त टीम द्वारा वर्सोवा गांव के शिव गली में अवैध निर्माण के तहत तीन इमारतों को खाली कराया गया। बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगरानी के निर्देशानुसार अतिरिक्त महानगरपालिका आयुक्त (पश्चिमी उपनगर) डॉ. सुधाकर शिंदे के मार्गदर्शन में अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। वर्सोवा के समुद्रतट प्रबंधन क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उस संबंध में सख्त कार्रवाई करने के लिए मनपा की ओर से एक विशेष टीम का गठन किया गया है।

#### 3 जून और 4 जून कुछ अवैध निर्माणों को किया गया था बेदखल

पिछले सप्ताह 3 जून और 4 जून 2024 को वर्सोवा और तटीय विनियमन क्षेत्र में वर्सोवा में कुछ अवैध निर्माणों को बेदखल किया गया था। डिप्टी कमिश्नर (परिक्षेत्र-4) विश्वास शंकरवार और सहायक आयुक्त (के पश्चिम विभाग) डॉ. पृथ्वीराज चव्हाण की पहल पर, 11 जून 2024 को भवन और कारखानों विभाग के नियंत्रण में वर्सोवा गांव में शिव गली में अवैध रूप से निर्मित तीन इमारतों को निष्कासित कर दिया गया था। इनमें से पहली इमारत में एक भूतल और उसके ऊपर एक मंजिल थी, दूसरी इमारत में एक भूतल और उसके ऊपर तीन मंजिलें थीं, और तीसरी इमारत में एक भूतल और उसके ऊपर तीन मंजिलें थीं।

## राज्यपाल के हाथों पुस्तक 'जनसंपर्क और हिन्दी' का विमोचन

दोपहर संवाददाता | मुंबई

डॉ अशोक कुमार सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'जनसंपर्क और हिन्दी' पुस्तक का विमोचन राजभवन प्रांगण में महामहिम राज्यपाल रमेश बैस के कर कमलों से 11 जून 2024 को संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य रेल के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. स्वप्निल नीला, उप मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अनिल कुमार जैन, जनसंपर्क अधिकारी माइकल मैन्युल राज और प्रकाशक रामकुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का छायांकन आर सी नायर ने किया।



#### 'पुस्तक भारतीय रेल में दी गई सेवा का एक निचोड़ है'

पुस्तक के विमोचन के अवसर पर लेखक डॉ. अशोक कुमार सिंह, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी, मध्य रेल ने कहा कि 'ये केवल एक पुस्तक नहीं है बल्कि मेरे द्वारा भारतीय रेल में दी गई सेवा का एक निचोड़ है। यह पुस्तक शोधार्थियों एवं पीआर प्रोफेशनल्स के लिए बेहद लाभप्रद होगी तथा जनसंपर्क के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाएगी।'

#### क्या कहा लेखक एवं इतिहासकार राजेन्द्र अकलेकर ने?

जाने-माने लेखक एवं इतिहासकार राजेन्द्र अकलेकर ने लिखा है कि जनसंपर्क क्या और कैसे होता है, यह मैंने सबसे पहले 90 के दशक में डॉ ए.के सिंह से देखा और सीखा था, और आज तक सीखते आ रहा हूं। तब से आज तक 27 सालों में मैंने उन्हें भारतीय रेल के सबसे पहले और अहम क्षेत्रीय रेल, मध्य रेल के मुख्यालय में करीब से काम करते देखा है। चाहे रेल कार्यक्रम में प्रधान मंत्री का संबोधन हो या महाप्रबंधक का संबोधन, उनका मसौदा सहज और सरल भाषा में लिखते और देखते आ रहा हूं।

संपादकीय

# सवाल शुचिता का

झुलसाती गर्मी के बीच लंबे चले चुनावी अभियान में देश के मतदाताओं ने अपने लोकतांत्रिक दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी से किया। देश में 18वीं लोकसभा का स्वरूप शक्ल ले चुका है। गर्व है कि हम दुनिया में रिकॉर्ड संख्या में मतदाताओं वाले सबसे बड़े लोकतंत्र का हिस्सा हैं। लेकिन इस बीच विचलित करने वाली खबर आई है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं। यह स्थिति हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम मूल्यों की शुचिता का पारदर्शी समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? इसी दिशा में चिंतन से सिर्फ चिंता ही बढ़ती है। चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी ए.डी.आर. की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2109 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं 18वीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है। फिलहाल देश के निचले सदन में आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले सांसदों की यह संख्या पिछले कई दशकों में सर्वाधिक है। वर्ष 2014 में यह संख्या 34 फीसदी, 2009 में 30 फीसदी और 2004 में 23 फीसदी थी। जनप्रतिनिधियों में दागियों की संख्या में उत्तरोतर वृद्धि होना हमारे लोकतंत्र की विसंगति को ही दर्शाता है। जाहिरा तौर पर इनका परोक्ष-अपरोक्ष प्रभाव लोकतंत्र की गुणवत्ता पर पड़ेगा। विडंबना यह है कि इस बार दागी 251 प्रतिनिधियों में से 170 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। गंभीर आपराधिक मामलों में लिप्त सांसदों की संख्या में 2009 की लोकसभा के मुकाबले इस बार 124 फीसदी वृद्धि देखी गई है। निश्चय ही यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। बहरहाल, यह सवाल हर एक जागरूक नागरिक को विचलित कर रहा है कि कैसे संसद में दागियों के पहुंचने का द्वार बंद हो। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल के बाद ही वर्ष 2020 में निर्देश दिए गए थे कि सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करें। जाहिरा तौर पर इस आदेश का मकसद देश की राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना ही था। लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ नहीं क्योंकि तमाम राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीतने वाले उम्मीदवार थे, अब चाहे उनका आपराधिक रिकॉर्ड ही क्यों न हो। ऐसा भी नहीं है कि दल विशेष ने ही दागी उम्मीदवारों को टिकट दिए हों। हर छोटे-बड़े राजनीतिक दल में दागियों की पर्याप्त संख्या रही है। जो राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के भारी अंतर को ही उजागर करता है। आखिर कैसे देश के युवा व बच्चे अपने लोकतंत्र के प्रतिनिधियों के आचरण का अनुकरण करेंगे? सवाल है कि देश के लिये नीति निर्धारण करने वाले ऐसे दागी लोग हमारे भाग्यविधाता बने रहेंगे तो हमारा भविष्य कैसा होगा? क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमारी कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? क्या होगा हमारे समाज व व्यवस्था का भविष्य? क्यों तमाम आदर्शों की बात करने वाले और दूसरे दलों के नेताओं की कारगुजारियों पर सवाल उठाने वाले नेता राजनीति को अपराधियों के वर्चस्व से मुक्त कराने की ईमानदार पहल नहीं करते? क्यों सभी राजनीतिक दल भारतीय लोकतंत्र में शुचिता के लिये सहमति नहीं बनाते? निश्चित रूप से यदि समय रहते इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती तो आने वाले वर्षों में दागियों का यह प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जाएगा। इसके साथ ही बड़ा संकट यह भी है कि देश के निचले सदन में येन-केन-प्रकारेण करोड़पति बने नेताओं का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। इस बार संसद में चुनकर आए सांसदों में 504 करोड़पति हैं। ऐसे में क्या उम्मीद की जाए कि अपनी मेहनत की कमाई से जीवन यापन करने वाला आम आदमी कभी सांसद बनने की बात सोच सकता है?

# लोकतंत्र की संवैधानिकता को संबल देता जनादेश



डॉ. अश्विनी कुमार

सही मायनों में 2024 का जनादेश लोकतंत्र, गरिमा और न्याय के पक्ष में विपक्ष की नैतिक विजय है। चुनाव परिणाम केंद्रीकृत शक्ति के प्रति अविश्वास और बुनियादी संवैधानिक सिद्धांतों के प्रति देशवासियों की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। चुनावी नतीजे स्वतंत्रता और न्याय को बरकरार रखने की हमारे संविधान निर्माताओं की शपथ व बुद्धिमत्ता को सलाम है। चुनावी परिणाम राष्ट्र की आत्मा की अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं। यह जनादेश इतिहास के उस स्थायी सबक की पुष्टि करता है कि अपमानित और कमजोर लोगों की तीव्र पीड़ा को कठोर सरकारें भी लंबे समय तक कुचल नहीं सकतीं और सरकारों के झूठ को अंततः उजागर किया जा सकता है। जनादेश का सबक है कि समय की जनभावना लोकतांत्रिक राजनीति को गढ़ती है। विपक्ष की आवाज ने एक बार फिर जनता की सामूहिक शक्ति को दर्शाया है। संघीय राजनीति में क्षेत्रीय आकांक्षाओं की प्रासंगिकता और राष्ट्रीय राजनीति का पुनर्गठन भी जनादेश का अचूक संदेश है, जिसने देश की सबसे पुरानी पार्टी काँग्रेस मे गांधी परिवार के नेतृत्व को भी मान्यता दी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 2024 का जनादेश हमारी चुनावी प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता और भारतीय लोकतंत्र की अखंडता की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने बीजेपी की ओर से चुनाव को अपने कंधों पर उठाते हुए कठिन अभियान के दौरान उल्लेखनीय दृढ़ता दिखाई। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरी बार उनका शपथ लेना भारत के समकालीन राजनैतिक इतिहास में एक असाधारण घटना है। चुनावी झटके के बावजूद, प्रधानमंत्री अपनी पार्टी को एक अखिल भारतीय राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित करने का दावा कर सकते हैं, क्योंकि दक्षिण भारतीय राज्यों में भाजपा ने अपने वोट शेयर में इजाफा किया है। इसलिये इस ऊर्जावान दौर में, विपक्ष को प्रधानमंत्री की राजनैतिक जीवनी को इतनी जल्द नकारने की गलती नहीं करनी चाहिए। निश्चित रूप से, यह नतीजे प्रधानमंत्री के लिए एक बड़ी चुनौती हैं। एक थकाने वाले और विभाजनकारी चुनाव अभियान के बाद राष्ट्र की आहत आत्मा को सद्भाव के मलहम की आवश्यकता है। अल्पसंख्यकों का अलगाव, असहज चुनावी संवाद, राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कानूनी और न्यायिक प्रक्रियाओं का विकृतीकरण, देश भर में सत्ताधारी दलों द्वारा संवैधानिक संस्थानों और नौकरशाही का दुरुपयोग व सभी स्तरों पर व्याप्त भ्रष्टाचार एक कमजोर लोकतंत्र के निराशाजनक संकेत हैं। स्वाभाविक तौर पर शपथग्रहण के बाद प्रधानमंत्री की सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह है कि वे जनादेश के प्रभाव को पहचानते हुए देश में संवैधानिक लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करने के लिए कार्यशील हों। प्रधानमंत्री के सर्वोच्च पद के धारक के रूप में, देश के प्रथम सेवक को समस्त राष्ट्र के अहसास का प्रतिनिधित्व करना होगा। उन्हें अपने प्रभावी व्यक्तित्व द्वारा अपने राष्ट्रीय दृष्टिकोण को सामूहिक भाईचारे और सभी नागरिकों की गरिमा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ जोड़ना होगा । उनसे अपेक्षा है कि वह जनादेश के संदेश को ध्यान में रखकर, उदार भाव रखते हुए अपने राजनीतिक विरोधियों के विचारों को भी मान्यता दें। उन्हें एक बहुलवादी समाज में समान नागरिकता के सिद्धांतों को अंजाम देना होगा। सही मायनों में यह जनादेश राष्ट्रीय नवीनीकरण के लिए मेल-मिलाप की राजनीति पर आधारित एक सहयोगात्मक उद्यम का संकेत देता है। राष्ट्र के नेता के रूप में, इसके लिए प्रमुख जिम्मेदारी प्रधानमंत्री की है। इस प्रयास में, उन्हें अनिवार्य रूप से विपक्ष के रचनात्मक सहयोग की जरूरत होगी, क्योंकि इस समय विपक्ष राष्ट्र के बड़े हिस्से की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है। साथ ही विपक्ष, हर सरकारी कार्रवाई के प्रति निरंतर निंदात्मक और आलोचनात्मक नहीं हो सकता। उसे जनादेश के परिणाम का सम्मान करना होगा ताकि उसकी सार्वजनिक विश्वसनीयता बनी रहे। विपक्ष को डॉ. अंबेडकर की उस बुद्धिमत्ता को भी ध्यान में रखना होगा, कि संवैधानिक लोकतंत्र में अराजकतावादी राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। 2024 के जनादेश ने भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिकता को संबल दिया है। इससे व्यापक स्वीकार्यता वाली नीतियों और शासन की अपेक्षा की जा सकती है। इससे हमारे युग की चुनौतीपूर्ण समस्याओं का समाधान होने के साथ राष्ट्र की एकजुटता बढ़ेगी। ऐसी व्यवस्था मे मनमाने ढंग से शक्ति के प्रयोग के माध्यम से नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर व्यापक हमलों की कोई गुंजाइश नहीं होगी। नई सरकार की कार्ययोजना के हिस्से के रूप में, प्रधानमंत्री को उन कठोर दंड कानूनों को निरस्त या संशोधित करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए, जिनका नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन में नियमित रूप से दुरुपयोग किया जाता है। उन्हें मानवीय कानूनों को अधिनियमित करना चाहिए, जिसमें बहुप्रतीक्षित व व्यापक कानून शामिल है, जिससे हिरासत में यातना को गैरकानूनी एवं दंडनीय ठहराया जा सके जिसको देश के सर्वोच्च न्यायालय ने, राष्ट्र की आत्मा पर एक घाव ठहराया है। सबसे बढ़कर, इस कठिन क्षण में प्रधानमंत्री को इतिहास के इस सबक पर विचार करना होगा, कि राजनीतिक शक्ति एक विश्वास है जिसे इस शर्त पर धारण किया जाता है कि उसका प्रयोग न्यायपूर्ण होगा जिससे नागरिकों की नैतिक शक्ति बढ़े और वे अपनी स्वतंत्रता को स्थापित रख सकें। हम जानते हैं कि स्वतंत्रता मानवता की 'अनिवार्य नियमावली' है और मानवीय गरिमा लोगों की चेतना में संवरती है। अंततः मानवीय गरिमा ही मानवता के अस्तित्व की विशिष्टता को परिभाषित करती है।

सहज योग

# गुरु का सिद्धांत



परमात्मा को जानने के लिए आपको स्वयं को जानना होगा। बिना स्वयं को जाने, आप ईश्वर को नहीं जान सकते। यह आवश्यक है कि आप अपने आप को जानें। लेकिन जब आप स्वयं को जानते हैं, तो आप आंशिक रूप से जानते हैं।

आज हम यहां गुरु सिद्धांत के बारे में जानने के लिए आए हैं। गुरु क्या करते हैं,आपके पास जो कुछ भी है,आपके भीतर की सभी बहुमूल्य चीज़ें,वह आपके ज्ञान के लिए उन्हें खोजते हैं। वास्तव में यह सब कुछ आपके भीतर ही है। सम्पूर्ण ज्ञान, सम्पूर्ण अध्यात्म,सम्पूर्ण आनंद, सब यही है। सही समय! यह सब आपके भीतर समाहित है। गुरु केवल एक ही कार्य करते हैं आपको आपके ज्ञान के बारे में और आपकी आत्मा के बारे जानकारी प्रदान करना। सबके भीतर आत्मा है। हर किसी के अंदर आध्यात्मिकता है। ऐसा कुछ भी नहीं है जो आपको बाहर से मिले।लेकिन यह ज्ञान प्राप्त करने से पहले, आपका बर्ताव या कहें, आप अज्ञान में जी रहे हैं। उस अज्ञानता में आप नहीं जानते कि आपके भीतर क्या निधि है, तो गुरु का काम है आपको बताना की आप क्या हैं? यह पहला कदम है। यह शुरुआत है आपके भीतर की जागृति होने की, जिसके द्वारा आप जान पाते हैं कि आपका अस्तित्व यह बाहर की दुनिया नहीं है, यह सब एक भ्रम हैऔर आप अपने भीतर ही प्रबुद्ध होने लगते हैं। कुछ लोगों को पूरा प्रकाश मिलता है और कुछ लोगों को यह धीरे-धीरे मिलता है।सभी धर्मों का सार यह है कि आपको स्वयं को जानना चाहिए। वह लोग जो धर्म के नाम पर लड़ रहे हैं,आपको उनसे जाकर पूछना होगा, आपको उनसे पूछताछ करनी होगी, कि क्या आपके धर्म ने आपको स्वयं की पहचान कराई ?अगर सभी धर्मों ने एक बात कही है तो आपको यह सारे कार्य केवल स्वयं को जानने के लिए करने हैं।लेकिन लोग कर्मकाण्डों में ढल जाते हैं।वह सोचते हैं कि यह सारे कर्मकाण्ड करके वह ईश्वर के समीप हैं। वह स्वयं के बारे में बिल्कुल अज्ञान में रहते हैं, और दिन प्रतिदिन वह कुछ न कुछ कार्य करते रहते हैं,जिसका स्वयं से कोई लेना देना नहीं है।बहुत सारी कलाबाज़ियां , प्रार्थनाएं ,पूजाएं, यह सब चलता रहता है। क्योंकि यह सब अज्ञान है। लोग उन्हें धन देते चले जाते हैं और वह बहुत अमीर हो जाते हैं और उनकी दिलचस्पी केवल धन प्राप्त करने में है। वह आपका सारा धन ले लेना चाहते हैं,और आपको मूर्ख बनाते हैं। वह आपके अहंकार को प्रोत्साहित करते हैं। उस अहंकार के प्रोत्साहन के साथ आप उस भ्रम के सागर में बहने लगते हैं और आप उस भ्रम में डूब जाते हैं, यह सोचकर कि आप बहुत धार्मिक हैं और आप केवल परमात्मा के साथ सम्बंधित हैं, जो कि आप नहीं हैं। परमात्मा को जानने के लिए आपको स्वयं को जानना होगा। बिना स्वयं को जाने, आप ईश्वर को नहीं जान सकते। यह आवश्यक है कि आप अपने आप को जानें। लेकिन जब आप स्वयं को जानते हैं, तो आप आंशिक रूप से जानते हैं। अनुभव पर्याप्त नहीं है।ज्ञान की प्राप्ति होनी चाहिए। गुरु आपको यह स्वयं का ज्ञान देते हैं। अब आपको हिसाब लगाना है। आपको पता होना चाहिए कि आपके गुरु ने आपको क्या बताया है। क्या वह सत्य है या नहीं? वह सही है या नहीं? या यह एक और भ्रम है? अब इस ऊर्ध्वगति में लोगों को बहुत सारी समस्याएं आती हैं। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण 'अहंकार' समस्या है, खासकर पश्चिम में। अहंकार विकसित होता है और आप सोचने लगते हैं कि आप महान हैं,आप दूसरों से बेहतर हैं,और आपके बारे में कुछ ख़ास है।

शख्सियत | ऐनी फ्रैंक

## 15 साल की लड़की, जिसकी डायरी 'द डायरी ऑफ ए यंग गर्ल' ने रचा इतिहास



ऐनी फ्रैंक विश्व प्रसिद्ध डायरिस्ट और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यहूदी नरसंहार का शिकार थीं। वह अपनी डायरी "द डायरी ऑफ ए यंग गर्ल" के लिए काफी मशहूर हैं। यह कताब दुनिया में इतनी प्रसिद्ध हुई कि आगे चलकर कई नाटकों और फिल्मों का आधार रहीं।

ऐनी फ्रैंक का जन्म 12 जून 1929 को फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में हुआ था। उनके पिता, ओटो फ्रैंक, एक व्यवसायी थे, जबकि उनकी मां, एडिथ फ्रैंक, ऐनी और उनकी बड़ी बहन मार्गोट की के साथ घर संभालती थीं। उनका परिवार यहूदी था। पढ़ने की शौकिन ऐनी एक लेखिका बनना चाहती थीं। ऐनी के जन्म के समय, उनका परिवार फ्रैंकफर्ट-डोर्नबुश में मारबाचवेग 307 में एक घर में रहता था, जहां उन्होंने दो मंजिलें किराए पर ली थीं। 1933 में एडॉल्फ हिटलर और यहूदी विरोधी नेशनल सोशलिस्ट पार्टी ने सत्ता पर कब्जा कर लिया। तब ऐनी महज पांच साल की थी। एडोल्फ हिटलर जर्मनी का नेता बन और उसने जर्मनी की कई समस्याओं के लिए यहूदियों को दोषी ठहराया। इससे यहूदी लोग जर्मनी से भागने लगे।ओटो फ्रैंक अपने परिवार के साथ चले गए। ऐनी और मार्गोट फ्रैंक ने स्कूल में दाखिला लिया। मार्गोट ने पब्लिक स्कूल में और ऐनी ने 6th मोंटेसरी स्कूल में दाखिला लिया। 1939 में जर्मनी ने पोलैंड पर आक्रमण कर दिया। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हो गया। 10 मई 1940 को जर्मनी ने नीदरलैंड पर चढाई कर दी। पांच दिन बाद, डच सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया। नाजी सेना ने यहूदी पर कई तरह के प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया। यहां तक कि व्यवसाय करने की भी उन्हें मनाही थी। ऐनी सहित सभी यहूदी बच्चों को अलग यहूदी स्कूलों में जाना पड़ा। उनके पिता ओटो फ्रैंक ने अपने दो ईसाई सहयोगियों आधिकारिक तौर पर कंपनी का स्वामित्व सौप दिया। पर पर्दे के पीछे उन्होंने अपने काम को चलाना जारी रखा। यहूदियों की मुसीबते लगातार बढ़ती जा रही थी। 1942 की गर्मियों तक, नीदरलैंड में यहूदी लोगों को जर्मन सीमा के पास वेस्टरबोर्क शिविर में "काम" पर रिपोर्ट करने के लिए कॉल और नोटिस मिलने लगे। 5 जुलाई 1942 को फ्रैंक की बहन मार्गोट को जर्मनी के एक श्रमिक शिविर में रिपोर्ट करने के लिए एक कॉल आया। पर नाजी सेना के डर से, उनके परिवार ने शिविर में रिपोर्ट करने के बजाय छिपना बेहतर समझा। अगले ही दिन, उनका परिवार ओटो फ्रैंक की कंपनी की इमारत के पीछे एक खाली जगह में अस्थायी क्वार्टर में छिप गया, जिसे उन्होंने सीक्रेट एनेक्स नाम दिया। जर्मनों द्वारा पकड़े न जाए इसके लिए उनके परिवार को सावधान रहना पड़ता था। तेरहवें दिन ऐनी को जन्मदिन पर एक डायरी मिलती है, जब वह अपने परिवार के साथ छुपी हुई थी। इस डायरी मे ऐनी ने अपने सभी अनुभवों, विचारों और भावनाओं को लिखना शूरू किया। लघु कथाओं के साथ अपने जीवन के बारे में एक उपन्यास शुरू किया। उनका परिवार दो साल तक "सीक्रेट एनेक्स" में छिपा रहा, जबकि उनके पिता के सहयोगी उनके लिए भोजन और कपड़ों चुपके से लाकर देते थे।

4 अगस्त 1944 को जर्मन सीक्रेट स्टेट पुलिस ने ऐनी के परिवार को ढूंढ लिया, ऐनी के परिवार सहित वहां छिपे सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।


जीवन ऊर्जा

चार्ल्स किंग्सले : जन्म 12 जून 1819 | जन्म

## दर्द कोई बुराई नहीं है, जब तक कि वह हमें जीत न ले

चार्ल्स किंग्सलेएक अंग्रेजी पादरी, उपन्यासकार और समाज सुधारक थे। उन्होंनेद्द वॉटर-बेबीज़द्द और द्दवेस्टवर्ड हो !द्द जैसे प्रभावशाली उपन्यासलिखे। उन्होंने सामाजिक सुधार की वकालत की, ईसाई समाजवाद का समर्थनकिया और मजदूर वर्ग के लिए परिस्थितियों में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता के लिएजाने जाते थे। चार्ल्स किंग्सलेका जन्म 12 जून 1819 को हुआ था औरउनका निधन 23 जनवरी 1875 को हुआ था।

नेक काम करो,दिन भर उनके सपने मत देखो। हम ऐसे व्यवहार करते हैं जैसे कि आराम और विलासिता जीवन कीमुख्य आवश्यकताएं हैं, जबकि हमें खुशरहने के लिए बस कुछ ऐसा चाहिए जिसके बारे में हम उत्साहित हों। दर्द कोई बुराईनहीं है, जब तक कि वह हमें जीत नले। हर सुबह जब तुमउठो तो भगवान का शुक्रिया अदा करो कि तुम्हारे पास उस दिन करने के लिए कुछ है जिसेतुम्हें करना ही है, चाहे तुम इसेपसंद करो या नहीं। काम करने और अपना सर्वश्रेष्ठ करने के लिए मजबूर होने सेतुम्हारे अंदर संयम, आत्म-संयम,परिश्रम, इच्छाशक्ति, संतोष और सैकड़ोंअन्य गुण पैदा होंगे जो आलसी कभी नहीं जानते। आलस्य जैसा कोई क्षण नहीं होता,केवल ऐसे क्षण होते हैं जब कोई आलसी होता है। सबसे बड़ी कठिनाईपहले प्रतिष्ठा अर्जित करना है, फिर उसे जीते जीबनाए रखना है और फिर मरने के बाद उसे बचाए रखना है। धन शब्द को, जिसका मूल अर्थ 'कल्याण' था, लेने और उसे पैसे से मापी जाने वाली कुछ प्रकारकी भौतिक वस्तुओं तक सीमित करके उसे नीचा दिखाने और संकीर्ण करने का आपको क्याअधिकार है? हम ऐसे व्यवहारकरते हैं मानो आराम और विलासिता ही जीवन की मुख्य आवश्यकताएं हैं, जबकि हमें खुश रहने के लिए बस कुछ ऐसा चाहिएजिसके बारे में हम उत्साहित हों। अपनी आत्मा के नायक को उस जीवन के लिए अकेले हताशा में नष्टन होने दें जिसके आप हकदार थे और जिसे आप कभी प्राप्त नहीं कर पाए। जिस दुनिया कीआप इच्छा करते हैं, उसे जीता जा सकताहै। यह मौजूद है... यह वास्तविक है... यह संभव है... यह आपकी है। नेक काम करो,दिन भर उनके सपने मत देखो। सफलता दो प्रकार कीहोती है। एक सांसारिक सफलता है, जो प्रशंसा है,और जिसे हम सभी को पसंद करना चाहिए; दूसरी वह सफलता है जो उस काम को करने का प्रयासकरती है जिसे आप मानते हैं कि किया जाना चाहिए।



सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

# घंटी से कृष्ण ने की गौरैया के परिवार की रक्षा





कुरुक्षेत्र के युद्धक्षेत्र को विशाल सेनाओं के आवागमन की सुविधा के लिए तैयार किया जा रहा था।

उन्होंने हाथियों का इस्तेमाल पेड़ों को उखाड़ने और जमीन साफ करने के लिए किया।

ऐसे ही एक पेड़ पर एक गौरैया अपने चार बच्चों के साथ रहती थी। जब उस पेड़ को उखाड़ा जा रहा था तो उसका घोंसला जमीन पर गिर गया, लेकिन चमत्कारी रूप से उसकी संताने अनहोनी से बच गई।

लेकिन वो अभी बहुत छोटे होने के कारण उड़ने में असमर्थ थे।

कमजोर और भयभीत गौरैया मदद के लिए इधर-उधर देखती रही। तभी उसने कृष्ण को अर्जुन के साथ वहा आते देखा।

वे युद्ध के मैदान की जांच करने और युद्ध की शुरुआत से पहले जीतने की रणनीति तैयार करने के लिए वहां गए थे।

उसने कृष्ण के रथ तक पहुँचने के लिए अपने छोटे पंख फड़फड़ाए और किसी प्रकार श्री कृष्ण के पास पहुंची।

हे कृष्ण, कृपया मेरे बच्चों को बचाये क्योंकि लड़ाई शुरू होने पर कल उन्हें कुचल दिया जायेगा।

सर्व व्यापी भगवन बोलेः मैं तुम्हारी बात सुन रहा हूं, लेकिन मैं प्रकृति के कानून में हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

गौरैया ने कहाः हे भगवान! मै जानती हूँ कि आप मेरे उद्धारकर्ता हैं, मैं अपने बच्चों के भाग्य को आपके हाथों में सौंपती हूं।

अब यह आपके ऊपर है कि आप उन्हें मारते हैं या उन्हें बचाते हैं।

काल चक्र पर किसी का बस नहीं है, श्री कृष्ण ने एक साधारण व्यक्ति की तरह उससे बात की, जिसका आशय था कि वहा ऐसा कुछ भी नहीं था जिसके बारे में वो कुछ भी कर सकते थे।

गौरैया ने विश्वास और श्रद्धा के साथ कहाः प्रभु, आप कैसे और क्या करते है वो मै नहीं जान सकती। आप स्वयं काल के नियंता हैं, यह मुझे पता है। मैं सारी स्थिति एवं परिस्थिति एवं स्वयं को परिवार सहित आपको समर्पण करती हूँ।

भगवन बोलेः अपने घोंसले में तीन सप्ताह के लिए भोजन का संग्रह करो।

गौरैया और श्री कृष्ण के सवाद से अनभिज्ञ, अर्जुन गौरैया को दूर भगाने की कोशिश करते है।

गौरैया ने अपने पंखों को कुछ मिनटों के लिए फुलाया और फिर अपने घोंसले में वापस चली गई।

दो दिन बाद, शंख के उद् घोष से युद्ध शुरू होने की घोषणा की गई।

कृष्ण ने अर्जुन से कहा की अपने धनुष और बाण मुझे दो। अर्जुन चौंका क्योंकि कृष्ण ने युद्ध में कोई भी हथियार नहीं उठाने की शपथ ली थी। इसके अतिरिक्त, अर्जुन का मानना था कि वह ही सबसे अच्छा धनुर्धर है।




पंडित कैलाशचंद्र शर्मा

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो. नं. 9425980556


प्रेरक प्रसंग

# आईना झूठ नहीं बोलता

एक छोटी सी लड़की थी, उसका नाम था परी, वो बात-बात पर गुस्सा होती थी। उसकी मां उसे हमेशा समझाती रहती कि 'परी बेटा, इतना गुस्सा करना अच्छी बात नहीं है, लेकिन फिर भी उसके स्वभाव में कोई बदलाव नहीं आया। एक दिन परी अपना होमवर्क करने में व्यस्त थी। उसकी टेबल पर एक सुंदर-सा फूलों से सजा पॉट रखा था। तभी उसके छोटे भाई का हाथ उस पॉट से टकराया और गिरने पर उसके कई टुकड़े हो गए। अब क्या, परी गुस्से से बौखला उठी। तभी वहां उसकी मां ने एक आईना लाकर उसके सामने रख दिया। अब गुस्से से भरी परी ने अपनी शक्ल आईने में देखी, जो कि गुस्से में बहुत ही बुरी लग रही थी। अपना ऐसा बिगड़ा चेहरा देखते ही परी का गुस्सा छू-मंतर हो गया। तब उसकी मां ने कहा, देखा परी! गुस्से में तुम्हारी शक्ल आईने में कितनी बुरी लगती है, क्योंकि आईना कभी झूठ नहीं बोलता। अब परी को पता चल गया था कि गुस्सा करना कितना बुरा होता है। तभी से उसने गुस्सा न करने का एक वादा अपने आप से किया।

सुविचार






यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।





# गुड़हल के सूखे फूल से बनाएं ब्यूटी प्रोडक्ट

सूखे गुड़हल के फूल ताजे गुड़हल के फूल की तरह न केवल सुंदर और जीवंत होते हैं, बल्कि आपकी त्वचा के लिए भी लाभकारी होते हैं। सजावट में अक्सर इस्तेमाल किए जाने वाले ये फूल आपकी ब्यूटी रूटीन में एक नैचुरल एडिशन हो सकता है। सूखे गुड़हल के फूलों का उपयोग आपकी त्वचा की बनावट को बेहतर बनाने, आपको चमकदार बाल देने और यहां तक कि उम्र बढ़ने के संकेतों से लड़ने में मदद कर सकता है। इनका उपयोग करना आसान है और इन्हें कई तरह के नैचुरल ट्रीटमें में शामिल किया जा सकता है। आइए सूखे गुड़हल के फूलों का इस्तेमाल करने के कुछ सरल और प्रभावी तरीकों के बारे में जानें।



**टोनर :** सूखे गुड़हल के फूलों को गर्म पानी में भिगोएं, फिर तरल को छान लें और इसे ठंडा होने दें। गुड़हल-युक्त पानी को एक स्प्रे बोतल में डालें और इसे अपनी त्वचा के लिए एक प्राकृतिक टोनर के रूप में उपयोग करें। गुड़हल टोनर त्वचा के पीएच को संतुलित करने, छिद्रों को कसने और रंगत को तरोताज़ा करने में मदद करता है।

**बाथ बम :** एक शानदार स्नान अनुभव के लिए सूखे गुड़हल के फूलों को घर के बने बाथ बम में शामिल करें। फूलों को बेकिंग सोडा, साइट्रिक एसिड, एप्सम सॉल्ट और अपने पसंदीदा एसेंसियल ऑयल के साथ मिलाएं। मिश्रण को बाथ बम के सांचों में बनाएं और उन्हें सूखने दें। नहाने के पानी में डालने पर, गुड़हल बाथ बम एक सुखदायक सुगंध छोड़ते हैं और अपने एंटीऑक्सीडेंट गुणों से त्वचा को पोषण देते हैं।



**स्क्रब :** सूखे गुड़हल के फूलों को चीनी या नमक और नारियल तेल या जैतून के तेल जैसे वाहक तेल के साथ मिलाकर एक एक्सफ़ोलीएटिंग स्क्रब बनाएं। नम त्वचा पर धीरे-धीरे गोलाकार गति में स्क्रब की मालिश करें, फिर गर्म पानी से धो लें। गुड़हल स्क्रब मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद करता है, जिससे आपकी त्वचा चिकनी और चमकदार हो जाती है।

**फेस मिस्ट :** सूखे गुड़हल फूलों के साथ पानी मिलाकर एक ताज़ा फेस मिस्ट बनाएं। बस फूलों को गर्म पानी में भिगोएं, तरल को छान लें और इसे एक स्प्रे बोतल में डालें। पूरे दिन ठंडक और हाइड्रेटिंग पिक-मी-अप के लिए फेस मिस्ट को रेफ्रिजरेटर में स्टोर करें। गुड़हल फेस मिस्ट त्वचा को हाइड्रेट करने, सूजन को कम करने और प्राकृतिक चमक प्रदान करने में मदद करता है।

**लिप बाम :** सूखे गुड़हल फूलों के साथ पिघले हुए नारियल के तेल को मिलाकर एक पौष्टिक लिप बाम बनाएं। मिश्रण को ठंडा होने दें और जमने दें, फिर इसे छोटे लिप बाम कंटेनर में डालें। सूखे या फटे होंठों पर गुड़हल लिप बाम लगाएँ ताकि तुरंत नमी और रंग का हल्का रंग मिले।


**फेस सीरम :** गुड़हल-युक्त तेल को विटामिन ई तेल, रोज़हिप तेल और आवश्यक तेलों साथ मिलाकर एक फेस सीरम बनाएं। लोच को बढ़ाने, महीन रेखाओं को कम करने, तथा समग्र त्वचा की बनावट में सुधार लाने के लिए मॉइस्चराइजिंग से पहले साफ, शुष्क त्वचा पर गुड़हल फेस सीरम की कुछ बूंदें लगाएं।

नीलम रामअवध



# मोतियों की तरह चमक उठेंगे पीले दांत





सफ़ेद दांत होने से आपका आत्मविश्वास बढ़ता है और आप अपनी मुस्कान को लेकर बहुत अच्छा महसूस करते हैं। अगर आपके दांत समय के साथ पीले हो गए हैं, तो कुछ आसान घरेलू उपाय हैं जो उन्हें चमकाने में मदद कर सकते हैं। आपको महंगे उपचार की ज़रूरत नहीं है; बस इन आसान सुझावों का पालन करें।

## मुलायम ब्रिसल वाले टूथब्रश का इस्तेमाल करें

सबसे पहले, अपने दांतों को ठीक से ब्रश करना बहुत ज़रूरी है। मुलायम ब्रिसल वाले टूथब्रश और फ्लोराइड टूथपेस्ट का इस्तेमाल करें। अपने दांतों को दिन में कम से कम दो बार ब्रश करें, खासकर खाने के बाद। अपने दांतों की सभी सतहों को ब्रश करना सुनिश्चित करें और हर बार लगभग दो मिनट का समय लें। इससे खाने के कण और प्लाक हटाने में मदद मिलती है जो पीलेपन का कारण बन सकते हैं।

## बेकिंग सोडा से हटाएं दाग

बेकिंग सोडा एक प्राकृतिक दांत सफ़ेद करने वाला पदार्थ है। आप इसे अपने टूथपेस्ट के साथ इस्तेमाल कर सकते हैं या पानी में थोड़ी मात्रा में बेकिंग सोडा मिलाकर पेस्ट बना सकते हैं। हफ़्ते में कुछ बार इस पेस्ट से अपने दांतों को धीरे-धीरे ब्रश करें। बेकिंग सोडा सतह के दागों को हटाने में मदद करता है, जिससे आपके दांत सफ़ेद दिखते हैं। हालांकि, इसका बहुत ज़्यादा इस्तेमाल न करें क्योंकि यह घर्षण पैदा कर सकता है।

## फलों और सब्जियों को चबाकर खाएं

एक और सरल उपाय है फल और सब्जियां को चबाकर खाना। सेब, गाजर और



अजवाइन जैसे खाद्य पदार्थ चबाते समय आपके दांतों को साफ करने में मदद कर सकते हैं। वे प्राकृतिक टूथब्रश की तरह काम करते हैं, प्लाक और सतह के दागों को साफ़ करते हैं। साथ ही, ये फूड लार के उत्पादन को बढ़ाते हैं, जो भोजन के कणों और बैक्टीरिया को धोने में मदद करता है।

## नारियल तेल से करें मालिश

नारियल तेल से मालिश दांतों को सफ़ेद करने में मदद कर सकता है। एक बड़ा चम्मच नारियल का तेल लें और इसे अपने मुंह में लगभग 15-20 मिनट तक घुमाएं। तेल को थूक दें और अपने दांतों को ब्रश करने से पहले अपने मुंह को पानी से धो लें। यह प्रक्रिया बैक्टीरिया और प्लाक को हटाने में मदद करता है, जिससे आपकी मुस्कान चमकदार बनती है। सर्वोत्तम परिणामों के लिए इसे रोज़ाना करें।

## एप्पल साइडर विनेगर

एक और प्राकृतिक व्हाइटनर है एप्पल साइडर विनेगर। इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं जो दाग हटाने में मदद कर सकते हैं। माउथवॉश बनाने के लिए एक भाग एप्पल साइडर विनेगर को दो भाग पानी के साथ मिलाएं। इसे एक मिनट तक अपने मुंह में घुमाएं, फिर पानी से कुल्ला करें और अपने दांतों को ब्रश करें। इनेमल को नुकसान पहुंचाने से बचने के लिए इस उपाय का इस्तेमाल हफ़्ते में सिर्फ़ कुछ बार करें।

## इन चीजों से बचें

ऐसे खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों से बचना भी ज़रूरी है जो आपके दांतों पर दाग लगा सकते हैं। कॉफ़ी, चाय, रेड वाइन और डार्क बेरीज़ सभी मलिनकिरण का कारण बन सकते हैं। अगर आप इनका सेवन करते हैं, तो दाग को कम करने के लिए जल्द ही अपने दाँत ब्रश करने या पानी से कुल्ला करने का प्रयास करें।

# योग से बालों को बनाएं निरोग

## बालों के विकास के लिए सरल योगमुद्रा

योग न केवल आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह बालों के विकास को भी बढ़ावा दे सकता है। कुछ योग मुद्राएं स्कैल्प में रक्त परिसंचरण में सुधार करती हैं, तनाव को कम करती हैं और हार्मोन के स्तर को संतुलित करती हैं, जो स्वस्थ बालों में योगदान देती हैं। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने से बालों की जड़ें मजबूत होती है। बालों का झड़ना रोका जा सकता है। आइए कुछ सरल योग मुद्राओं के बारे में जानें जो बालों के विकास को उत्तेजित कर सकती हैं और आपको मजबूत, स्वस्थ बाल दे सकती हैं।



### 1. अधो मुख श्वानासन

अधो मुख श्वानासन, जिसे डाउनवर्ड-फेसिंग डॉग पोज़ भी कहते हैं, एक प्रमुख योग आसन है। यह आसन सिर की त्वचा में रक्त प्रवाह को बढ़ाने में मदद करता है। इसमें शरीर उल्टे ₹V₹ आकार में होता है, हाथ और पैर ज़मीन पर टिके होते हैं। यह आसन रक्त संचार बढ़ाता है, रीढ़ को खींचता है और तनाव कम करता है, जिससे पूरे शरीर में ऊर्जा का संचार होता है।

### 2. उत्तानासन

यह आसन सिर की त्वचा में रक्त प्रवाह को भी बढ़ाता है। उत्तानासन, जिसे स्टैंडिंग फॉरवर्ड बेंड पोज़ भी कहा जाता है, एक योग आसन है जिसमें व्यक्ति खड़ा होकर कमर से आगे की ओर झुकता है। इस दौरान हाथ ज़मीन या पैरों को छूते हैं और सिर घुटनों के करीब होता है। यह आसन रीढ़ को खींचता है, रक्त संचार बढ़ाता है, और तनाव कम करता है। यह मुद्रा रक्त परिसंचरण में सुधार करके बालों के रोम को पोषण देने में मदद करती है।

### 3. सर्वांगासन

सर्वांगासन, जिसे शोल्डर स्टैंड पोज़ भी कहते हैं, एक महत्वपूर्ण योग आसन है। यह मुद्रा थायरॉयड ग्रंथि को उत्तेजित करने और रक्त परिसंचरण में सुधार करने में मदद करती है। इसमें व्यक्ति अपनी पीठ के बल लेटकर अपने पैरों और धड़ को ऊपर उठाता है, और हाथों से पीठ को सहारा देता है। यह आसन रक्त संचार बढ़ाता है, थायरॉयड को संतुलित करता है, और शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करता है। यह मुद्रा हार्मोन को संतुलित करने और स्कैल्प के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है, जिससे बालों की वृद्धि को बढ़ावा मिलता है।

### 4. वज्रासन


वज्रासन, जिसे थंडरबोल्ट पोज़ भी कहते हैं, एक सरल योग आसन है। इसमें व्यक्ति घुटनों के बल बैठकर एड़ियों पर बैठता है, और हाथों को घुटनों पर रखता है। यह आसन पाचन सुधारता है, रीढ़ को सीधा रखता है, और मानसिक शांति प्रदान करता है। बेहतर पाचन और कम तनाव बालों के बेहतर स्वास्थ्य और विकास में योगदान दे सकता है।

### 5. बालासन


बालासन, जिसे चाइल्ड पोज़ भी कहा जाता है, एक आरामदायक योग आसन है। यह मुद्रा मन और शरीर को आराम देने में मदद करती है। इसमें व्यक्ति घुटनों के बल बैठकर माथा जमीन पर टिकाता है और हाथ आगे की ओर बढ़ाता है। यह आसन तनाव कम करता है, मन को शांत करता है, और पीठ व कंधों में खिंचाव लाता है। यह मुद्रा तनाव को कम करने में मदद करती है, जो बालों के विकास को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है।

# राशिफल

प्रियंका जैन




**मेष** सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा।



**वृष** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी।




**मिथुन** शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें।



**कर्क** प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा।-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।



**सिंह** भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी। नौकरी में मनोनुकूल स्थिति बनेगी।



**कन्या** शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।



**तुला** शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।



**वृश्चिक** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है।




**धनु** किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। सही काम का भी विरोध हो सकता है।



**मकर** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।



**कुंभ** मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है या समय पर नहीं मिलेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।



**मीन** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। निवेश शुभ रहेगा।

# भाग्य जगाने व मनोकामना पूर्ति के उपाय

भाग 6




72) लाभ- सावन के महीने में किसी भी दिन घर में पारद शिवलिंग की स्थापना करें और उसकी यथा विधि पूजन करें। इसके बाद नीचे लिखे मंत्र का 108 बार जप करें-"ऐं ह्रीं श्रीं ऊंऊं नमः शिवायः ऊं श्रीं ह्रीं ऐं". प्रत्येक मंत्र के साथ बिल्वपत्र पारद शिवलिंग पर चढ़ाएं। बिल्वपत्र के तीनों दलों पर लाल चंदन से क्रमशः ऐं , ह्री, श्रीं लिखें। अंतिम 108 वां बिल्वपत्र को शिवलिंग पर चढ़ाने के बाद निकाल लें तथा उसे अपने पूजन स्थान पर रखकर प्रतिदिन उसकी पूजा करें। माना जाता है ऐसा करने से व्यक्ति की आमदानी में इजाफा होता है।

73) लाभ-सावन में किसी भी दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि करने के बाद भगवान शिव का पूजन करें। इसके पश्चात गेहूं के आटे से 11 शिवलिंग बनाएं।अब प्रत्येक शिवलिंग का शिव महिम्न स्त्रोत से जलाभिषेक करें। इस प्रकार 11 बार जलाभिषेक करें। उस जल का कुछ भाग प्रसाद के रूप में ग्रहण करें। यह प्रयोग लगातार 21 दिन तक करें। गर्भ की रक्षा के लिए और संतान प्राप्ति के लिए गर्भ गौरी रुद्राक्ष भी धारण करें। इसे किसी शुभ दिन शुभ मुहूर्त देखकर धारण करें।

74) लाभ-सावन में किसी सोमवार को पानी में दूध व काले तिल डालकर शिवलिंग का अभिषेक करें। अभिषेक के लिए तांबे के बर्तन को छोड़कर किसी अन्य धातु के बर्तन का उपयोग करें। अभिषेक करते समय ऊं जूं सः मंत्र का जाप करते रहें। इसके बाद भगवान शिव से रोग निवारण के लिए प्रार्थना करें और प्रत्येक सोमवार को रात में सवा नौ बजे के बाद गाय के सवा पाव कच्चे दूध से शिवलिंग का अभिषेक करने का संकल्प लें। इस उपाय से बीमारी ठीक होने में लाभ मिलता है।

75) शिवपुराण के अनुसार बिल्व वृक्ष महादेव का रूप हैं। इसलिए इसकी पूजा करें। फूल, कुमकुम, प्रसाद आदि चीज़ें विशेष रूप से चढ़ाएं। इसकी पूजा से जल्दी शुभ फल मिलते हैं। शिवरात्रि पर बिल्व के पास दीपक जलाएं।



प्रियंका जैन
9769994439

76) शिवरात्रि पर रात में किसी शिव मंदिर में दीपक जलाएं। शिवपुराण के अनुसार कुबेर देव ने पूर्व जन्म में रात के समय शिवलिंग के पास रोशनी की थी। इसी वजह से अगले जन्म में वे देवताओं के कोषाध्यक्ष बने।

77) शिवलिंग पर जल चढ़ाते समय काले तिल मिलाएं। इस उपाय से शनि दोष और रोग दूर होते हैं।

78) शिवलिंग पर रोज़ धतूरा चढाने से घर और संतान से जुडी समस्याएं दूर होती हैं। ये उपाय संतान को सभी कार्यों में सफलता दिलवाता है।

79) समय-समय पर शिवजी के निमित सवा किलो या सवा पांच किलो या 11 किलो या 21 किलो गेहूं या चावल का दान करें।

80) हनुमानजी भगववान शिव के ही अंशावतार माने गए हैं। शिवरात्रि पर हनुमान चालीस का पाठ करने से हनुमानजी और शिवजी की प्रसन्नता प्राप्त होती हैं। इनकी कृपा से भक्त की सभी परेशानियां दूर हो सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### बंदूक की दुकान में जोरदार विस्फोट, दो लोगो की मौके पर मौत

**उदयपुर।** उदयपुर शहर के सवीना स्थित सबसिटी सेंटर इलाके में मंगलवार को बंदूक की दूकान में जोरदार विस्फोट हो गया। इसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि दुकान की खिड़की और दरवाजों के परखच्चे उड़े गए। वहीं धमाके की आवाज से लोग सहम गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार सवीना सब्सिडी सेंटर इलाके में राजेन्द्र देवपुरा एंड कंपनी की बिल्डिंग में बन्दूक खरीदने-बेचने और बनाने का काम होता है। यहां दो लोग काम कर रहे थे। इस दौरान दोपहर करीब तीन बजे अचानक जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि एक व्यक्ति का शव सीढ़ियों पर पड़ा मिला तो दूसरे का शव सड़क पर आ गया। खिड़की और दरवाजों के परखच्चे उड़े गए। धमाके की आवाज से लोग सहम गए।

### ओवरटेक के चक्कर में कार पलटी पति-पत्नी सहित तीन घायल

**पाली।** पाली शहर के निकटवर्ती बागडिय़ा गांव के समीप मंगलवार सुबह ओवरटेक के चक्कर में एक कार सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार में सवार पति-पत्नी व एक बालक घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए बांगड़ अस्पताल के ट्रोमा सेंटर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें भर्ती कर उपचार किया। जानकारी के अनुसार भांगेसर गांव निवासी नेमाराम पुत्र पूनाराम पालीवाल अपनी पत्नी रेखा और भाई वीरेन्द्र के साथ कार में सवार होकर पाली आ रहे थे। इस दौरान बागियाड़ा गांव के समीप एक ट्रैक्टर व बाइक को ओवरटेक करने के चक्कर में उनकी कार असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में तीनों घायल हो गए। उन्हें एम्बुलेंस की सहायता से पाली के बांगड़ अस्पताल स्थित ट्रोमा सेंटर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें भर्ती कर उपचार किया।

### घर पर सो रहे पति की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या

**हिण्डोली।** दबलाना थाना क्षेत्र के मेण्डी पंचायत के ग्राम नरसिंहपुरा में महिला ने शनिवार रात को घर पर सो रहे पति की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या के आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी मनोजसिंह सिकरवार ने बताया कि नरसिंहपुरा निवासी राजेंद्र गुर्जर (35) वर्ष रात को खाना खाकर घर पर लेटा हुआ था। देर रात अवैध संबंधों को लेकर पत्नी ममता बाई व राजेन्द्र में बहस चल रही थी। इस दौरान पलंग पर बैठे हुए राजेन्द्र पर ममता ने पीछे से कुल्हाड़ी से वार कर दिए, जिससे पति की मौके पर ही मौत हो गई।।

# 'जिन अफसरों ने हराया उन्हें भूलेंगे नहीं'

**अखिलेश यादव यूपी के इन जिलाधिकारियों से बेहद नाराज**

एजेंसी । लखनऊ

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव यूपी के कुछ जिलाधिकारियों से बेहद नाराज हैं। लोकसभा चुनाव में इन सीटों पर मिली हार को लेकर अखिलेश ने यहां तक कहा कि जिन जिलाधिकारियों ने हराया है उन्हें भूलेंगे नहीं। अखिलेश ने तीन चार जिलों का नाम लेते हुए वहां के जिलाधिकारियों को एक तरह से चेतावनी भी दी। कहा कि इन जिलाधिकारियों ने किसके दबाव में यह किया, क्यों बेइमानी की। जानबूझकर सपा प्रत्याशियों को हराया गया है। अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद इटावा और सैफई पहुंचे थे। यहां कार्यकर्ताओं से संवाद किया और उन्हें जीत के लिए बधाइयां दीं। पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार जनता ने चुनाव लड़ा है। जनता ने महसूस किया कि उसका संविधान और उसका हक खतरे में है। जनता ने पीडीए और इंडिया गठबंधन पर भरोसा किया। उन्होंने कहा कि जो लोग डबल इंजन, ट्रिपल इंजन की सरकार कहते थे, जमीन पर जो चीजें नहीं दिखाई दीं, उसका आक्रोश दिखाई दिया है। लोकसभा चुनाव में जनता के मुद्दों की जीत हुई है। लोगों ने संविधान को बचाने के लिए वोट दिया है। अखिलेश ने कहा कि बगल के जिले फर्रुखाबाद में प्रशासन ने खासकर वहां के जिलाधिकारी ने बेइमानी का काम किया है। जिलाधिकारी पर क्या दबाव रहा होगा, जिसके कारण सपा के प्रत्याशी को उसने जानबूझकर हराया है। यह बातें भूलने वाली नहीं हैं। अधिकारी अपने पद पर रह कर यह सब कर रहा है उस पर जनता कैसे भरोसा करेगी। अफसरों पर सभी भरोसा करते हैं। जतना सोचती है कि आईएएस अधिकारी हैं, निष्पक्ष रहकर फैसला देंगे। पता नहीं उन पर क्या दबाव था। फर्रुखाबाद में समाजवादी पार्टी जीती लेकिन उसे हरा दिया गया।

## इन लोकसभा क्षेत्रों में काफी कम मार्जिन से हारी है सपा




अखिलेश ने कहा कि न सिर्फ फर्रुखाबाद में बल्कि अलीगढ़ में इसी तरह हुआ है। वहां लाठीचार्ज हुआ, पता नहीं क्या क्या किया। फूलपुर में बहुत कम वोटों से हारे। बांसगांव के लोग धरना प्रदर्शन करते रहे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जनता सब देख रही है। अगले चुनाव में जनता इन सीटों पर भी लाखों लाख वोट से इन लोगों (भाजपा) को हराएगी। तब यह लोग बेइमानी करना भी चाहेंगे तो यह अधिकारी नहीं कर पाएंगे। अखिलेश यादव जिन जिलाधिकारियों के काम से नाराज हैं इन जिलों के लोकसभा चुनाव के रिजल्ट पर गौर करें तो फर्रुखाबाद में सपा केवल 26 सौं वोटों से हारी है। यहां भाजपा के मुकेश राजपूत को 4 लाख 87 हजार 963 वोट मिले। और सपा के नवल किशोर शाक्य को भाजपा से 26 सौ 78 वोट कम 4 लाख 85 बजार 285 वोट हासिल हुए हैं। इसी तरह बांसगाव में भी सपा केवल तीन हजार वोटों से हारी है। यहां भाजपा प्रत्याशी कमलेश पासवान को 4 लाख 28 हजार 693 वोट और सपा के सदल प्रसाद को 3150 वोट कम 4 लाख 25 हजार 543 वोट मिले हैं। यहां दोबारा काउंटिंग की मांग भी हुई थी। फूलपुर में भी सपा केवल चार हजार वोटों से हारी है। यहां भाजपा के प्रवीण पटेल ने 4 लाख 52 हजार 600 वोट हासिल कर सपा के अमर नाथ सिंह मौर्य को 4 हजार 332 वोटों से हराया। अमरनाथ को 4 लाख 48 हजार 268 वोट मिले। अलीगढ़ में सपा 15 हजार वोटों से हारी है। यहां भाजपा के सतीश गौतम को 5 लाख 1 हजार 834 वोट और सपा के बिजेद्र सिंह को 15 हजार 647 वोट कम यानी 4 लाख 86 हजार 187 वोट हासिल हुए हैं।

# युवती को भगाने के आरोपी ने थाने में की आत्महत्या करने की कोशिश

एजेंसी । कुशीनगर

यूपी के कुशीनगर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां नेबुआ नौरंगिया थाना परिसर में ही एक लड़की को भगाने के आरोपी ने जहर खा लिया है। हालत बिगड़ने पर उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। स्थिति गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। फिलहाल युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। आज इसी मामले में पुलिस ने लड़की का मेडिकल कराने के लिए भेजा हुआ था।



## केस डायरी

ये घटना नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के भुजौली शुक्ल गांव का है। रमेश का बेटे ब्रजेश पर मुकामी पुलिस ने लड़की भगाने सहित अन्य धाराओं में लड़की की मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था और उन्हें बरामद भी कर लिया था। लड़का और लड़की पक्ष दोनों गांव के पड़ोसी ही बताए जा रहे हैं। मंगलवार सुबह मामले का आरोपी नेबुआ नौरंगिया थाना परिसर में पहुंचा और जहर खाकर जान देने की कोशिश की। उसकी हालत बिगड़ता देख थाने में अफरा तफरी मच गई और उसे कोटवा के सीएचसी इलाज के लिए भिजवाया ।जहां उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज जारी है। इस संबंध में एसओ नेबुआ नौरंगिया हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि मामले में आज लड़की को मेडिकल कराने के लिए भेजा गया था।

# आलमगीर आलम का मंत्री पद से इस्तीफा

एजेंसी । रांची

कांग्रेस विधायक दल के नेता और मंत्री आलमगीर आलम ने सोमवार को मंत्रिमंडल और विधायक दल के नेता दोनों पदों से इस्तीफा दे दिया। आलम ने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेज दिया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इसकी पुष्टि की है। टेंडर मैनेज और कमीशनखोरी मामले में ईडी ने आलमगीर को गिरफ्तार किया था, तब से वे जेल में बंद हैं। इस्तीफा से पहले आलमगीर के विभागों को उनसे वापस ले लिया गया था। बता दें कि आलमगीर के आप्त सचिव के नौकर के यहां ईडी ने छापेमारी में 32.20 करोड़ रुपये बरामद किए थे। आप्त सचिव के दफ्तर से भी कुछ रुपयों की बरामदगी हुई थी।



# भागलपुर में पकड़ौआ विवाह

- चिकन मसाला खरीदने उतरे जवान का अपहरण
- पकड़ौआ शादी के बाद वापस छोड़ गए किडनैपर

एजेंसी । भागलपुर

बिहार का पकड़ौआ विवाह लोगों के बीच काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। पकड़ौआ शादी में लड़के को किडनैप करके उसकी शादी किसी लड़की के साथ जबरदस्ती करा दी जाती है। ऐसी ही एक वारदात बिहार के भागलपुर से सामने आई है। यहां भी होमगार्ड के एक जवान को पहले किडनैप किया गया फिर उसको तकरीबन 100 किलोमीटर दूर पूर्णियां ले जाकर पकड़ौआ विवाह करा दिया गया। पीड़ित होमगार्ड जवान सुमित कुमार नवगछिया थाना क्षेत्र के सकुचा का रहने वाला है। सुमित के भाई वीरेंद्र ने नवगछिया थाने में लिखित में बयान देकर एफआईआर दर्ज कराई है। लोगों के जरिए पता चला है कि सुमित ने होमगार्ड जवान की ट्रेनिंग पूरी की है और सोमवार से नवगछिया थाने में उसकी ज्वाइनिंग होनी थी, लेकिन ज्वाइनिंग से पहले ही उसको पकड़कर जबरन शादी के बंधन में बांध दिया गया है।



### सुमित के भाई ने सुनाई पूरी दास्तां

सुमित के भाई वीरेंद्र ने घटना के बारे में विस्तार से बताया। मेरा भाई सुमित अपने चचेरे भाई प्रभास के साथ मोटरसाइकल से अपने मामा के घर जगतपुर गया हुआ था। सुमित मामा के घर बकाया 1 लाख रुपया लेने गया था। वापस आते समय उसे रुपयों के साथ दो मुर्गे भी दिए थे। रास्ते में लौटते समय सुमित ने चिकन बनाने के लिए चिकन मसाला खरीदने के लिए बाइक रोकी, लेकिन तभी स्कॉर्पियो सवार कुछ लोगों ने सुमित को जबरन हथियार के बल पर किडनैप कर लिया। पकड़ करने वालों में गोपाल यादव नाम का शख्स भी शामिल था।

### घटना के बाद बीच सड़क छोड़कर भागे किडनैपर

जबरन शादी के बाद किडनैपर सुमित को बीच रास्ते छोड़कर भाग गए। इसके बाद सुमित ने जैसे-तैसे करके पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। इसके बाद घरवालों ने पुलिस से संपर्क कर सुमित को बचाने के लिए गुहार लगाई तब जाकर सुमित और उसके चचेरे भाई को खोजा जा सका।

# 1 करोड़ रंगदारी केस को पप्पू यादव ने बताया साजिश

एजेंसी । पूर्णिया



पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा है कि मेरे खिलाफ गहरी राजनीतिक साजिश की जा रही है। बढ़ती राजनीतिक ताकत से कुछ लोग परेशान हैं इसलिए रंगदारी का झूठा आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराया गया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में जांच कराई जाए और सच्चाई सामने लाई जाए। उन्होंने कहा है कि जो भी मामले में दोषी निकले उसे फांसी दे दिया जाए। सोमवार को पूर्णिया के फर्नीचर कारोबारी द्वारा एक करोड़ की रंगदारी मांगे जाने का आरोप लगाते हुए सांसद पप्पू यादव के खिलाफ पूर्णिया मुफस्सिल थाने में एफआईार दर्ज कराया गया। पप्पू यादव ने कहा है कि एक ऑफिसर के द्वारा विरोधियों से मिलकर उनकी छवि को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही सबको बेनकाब कर दूंगा।

# चीनी नागरिक की हुई मौत

**घुसपैठ करते हुआ था गिरफ्तार**

एजेंसी । मुजफ्फरपुर

चीन के विचाराधीन विदेशी बंदी ली जियाकि (60) की मंगलवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। जेल में घायल हो जाने के बाद उसे इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान संदिग्ध हालत में उसकी मौत हो गई। नेपाल के रास्ते घुसपैठ कर रहे चीनी को मुजफ्फरपुर की ब्रम्हपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। वह चीन शेडोंग प्रान्त के कँगशन काऊंटी शहर के डेजोंग गांव निवासी ली निंगडोंग लाओ का पुत्र था। जेल में उसने खुदकुशी की कोशिश की थी। शौचालय में उसे बेहोशी की हालत में पाया गया तो उठाकर जेल के अस्पताल में भर्ती कराया गया। ज्यादा खून बहने से गंभीर स्थिति होने के कारण इलाज के लिए जेल से बाहर भेजा गया था।



**हॉस्पिटल में खुद को किया घायल**

चानी घुसपैठिए को ब्रह्मपुरा पुलिस ने बीते पांच जून को शहर के लक्समीचौक के पास से बगैर वीजा के भारत में गिरफ्तार किया था। दस्तावेज नहीं होने पर पुलिस ने प्रथम् श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी भानु प्रताप के कोर्ट में पेश किया गया जहां से के बाद छह जून को उसे जेल में भेजा गया था। वह जेल के हॉस्पिटल वार्ड में था।

## व्यापार जगत

# सेंसेक्स 32 अंक नीचे 76,457 के स्तर पर बंद

**रियल्टी और मीडिया शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी**

एजेंसी । मुंबई

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन 11 जून को सेंसेक्स 32 अंक गिरकर 76,457 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 5 अंक चढ़कर 23,264 के स्तर पर फ्लैट बंद हुआ। आज के कारोबार में सबसे ज्यादा तेजी मीडिया और रियल्टी शेयरों में रही। NSE के मीडिया इंडेक्स 1.75% चढ़कर बंद हुआ। निफ्टी ऑयल एंड गैस में 1.33% की तेजी रही। रियल्टी इंडेक्स 1.13% चढ़ा। निफ्टी ऑटो और पीएसयू भी चढ़कर बंद हुए। वहीं सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में तेजी और 15 में गिरावट रही।

## रिटेल कैटेगिरी में 5 गुना से ज्यादा भरा इक्सिगो का IPO




ट्रैवल एग्रीगेटर इक्सिगो की मूल कंपनी ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी के IPO का आज (11 जून) दूसरा दिन है। वहीं कल पहले ही दिन ये IPO रिटेल कैटेगिरी में 5 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हो चुका है। रिटेल निवेशक इस IPO के लिए 12 जून तक बोली लगा सकेंगे। लिस्ट होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 28% यानी 26 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ग्रे मार्केट प्राइस (GMP) के हिसाब से देखें तो अपर प्राइस बैंड 93 के लिहाज से इसकी लिस्टिंग (93+26=119) 119 पर हो सकती है। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 740 .10 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 120 करोड़ के 12,903,226 नए शेयर इश्यू करेगी। वहीं, कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए 740 .10 के 79,580,900 शेयर बेचेंगे।

### विदेशी निवेशकों ने 2,572.38 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे

NSE के प्रोविजनल डेटा के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) ने 10 जून को 2,572 .38 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। यह लगातार दूसरा कारोबारी दिन था जब विदेशी निवेशकों ने खरीदारी की। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों (DIIs) ने 2,764 .46 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

### सोमवार को अमेरिकी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ

अमेरिकी बाजार में सोमवार को तेजी रही। डॉओ जोन्स एवरेज 69 .05 अंक या 0 .18% की तेजी के साथ 38,868 पर, एसएंडपी 500 13 .8 अंक या 0 .26% की उछाल के सात 5,360 पर और नैस्डैक कंपोजिट 59 .40 अंक या 0 .35% चढ़कर 17,192 के स्तर पर बंद हुआ।

## सोमवार को ऑलटाइम हाई बनाकर गिरा था बाजार

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 10 जून को सेंसेक्स 386 अंक चढ़कर 77,079 के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया था। निफ्टी में भी 121 अंकों की तेजी रही, यह भी 23,411 के रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा। हालांकि, दिनभर के कारोबार के बाद बाजार गिरावट में बंद हुआ। सेंसेक्स 203 अंक की गिरावट के साथ 76,490 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 30 अंक की गिरावट के साथ 23,259 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी रही। आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली देखने को मिली।

# VI को 14,000 करोड़ के लोन के लिए मिला अप्रूवल

एजेंसी । मुंबई

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) की अगुवाई में लेंडर्स के एक कंसोर्टियम ने वोडाफोन आइडिया (VI) को 14,000 करोड़ रुपए के लोन के लिए इन-प्रिंसिपल अप्रूवल दे दिया है। वोडाफोन आइडिया 5G सर्विस को लॉन्च करने सहित कई उपायों के माध्यम से अपने घाटे में चल रहे ऑपरेशंस को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश कर रही है। सूत्रों ने मनीकंट्रोल को बताया कि इस बात को लेकर अब तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। हालांकि, वोडाफोन ग्रुप Plc और बिड़ला ग्रुप के बीच जॉइंट वेंचर को पंजाब नेशनल बैंक (PNB), बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक और अन्य प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर के बैंकों सहित कई लेंडर्स से इनफॉर्मल कमिटमेंट्स मिले हैं।

### फंड का यूज 5G नेटवर्क शुरू करने के लिए किया जाएगा




ट्रांजेक्शन पूरा होने के बाद कंसोर्टियम द्वारा किस्तों में फंड वितरित किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि फंड का यूज ऑपरेशनल क्रेडिटर्स को रीपे, 5G नेटवर्क शुरू करने और एडिशनल स्पेक्ट्रम की बोली लगाने के लिए किया जाएगा।

# यात्री वाहनों की बिक्री चार प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी । नई दिल्ली

देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई हो गई। मई, 2023 में थोक बिक्री कुल 3,34,537 इकाई रही थी। उद्योग संगठन सियाम ने बताया कि यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के चलते मई महीने में अबतक की सबसे ऊंची बिक्री दर्ज की गई। मारुति सुजुकी ने पिछले महीने 1,44,002 इकाइयां बेचीं, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 1,43,708 इकाई था। हुंदै मोटर इंडिया ने मई में 49,151 वाहन बेचे, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 48,601 इकाई था। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मई 43,218 इकाइयां बेचीं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 32,886 इकाइयों की बिक्री की थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बयान में कहा कि सभी खंडों यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया और तिपहिया वाहनों में सालाना आधार पर मई में वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा, यात्री वाहनों में केवल मध्यम वृद्धि देखी गई है, जिसका मुख्य कारण पिछले वर्ष का उच्च आधार प्रभाव है। उन्होंने कहा, सामान्य से बेहतर मानसून के पूर्वानुमान और नई सरकार द्वारा आर्थिक वृद्धि पर निरंतर जोर दिए जाने के साथ ही 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मोटर वाहन उद्योग 2024-25 में भी स्थिर वृद्धि की उम्मीद कर रहा है।

# मस्क ने एपल-ओपनएआई पार्टनरशिप का किया विरोध

एजेंसी । नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क ने एपल की ओपनएआई (OpenAI) के साथ पार्टनरशिप का विरोध किया है। मस्क ने इसे लेकर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा- अगर ऐसा होता है तो वह अपनी कंपनी में एपल के प्रोडक्ट इस्तेमाल करने पर रोक लगा देंगे। एपल ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI) को अपनी डिवाइस में और बेहतर करने के लिए चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई के साथ पार्टनरशिप का ऐलान किया है। कंपनी के इस फैसले से लोगों को डर है इससे उनका पर्सनल डेटा सेफ नहीं रहेगा।

## मस्क ऑफिस में बैन करेंगे एपल के प्रोडक्ट



मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा की अगर एपल ऑपरेटिंग सिस्टम लेवल पर ओपनएआई को इंट्रीग्रेट करता है तो तो मेरी कंपनियों में एपल के डिवाइस बैन किए जाएंगे। यह एक अनएक्सेप्टेबल सिक्योरिटी वायलेंस है। वहीं उन्होंने लिखा कि कंपनी में आने वाले विजिटर्स के पास अगर एपल का डिवाइस है तो एंट्री गेट पर ही डिवाइस की जांच की जाएगी। इसके अलावा डिवाइस को वहीं जमा करा लिया जाएगा। एक अन्य पोस्ट में मस्क ने एपल पर तंज कसते हुए लिखा कि यह स्पष्ट रूप से बेतुका है कि एपल इतना स्मार्ट नहीं है कि वह अपना खुद का AI बना सके, और इसके बाद भी वह कह रहा है कि आपकी सुरक्षा और गोपनीयता की रक्षा करेगा! एपल को इस बात का कोई अंदाजा नहीं है कि ओपनएआई को आपका डेटा सौंपने के बाद वास्तव में क्या हो रहा है। वे आपको खतरे में डाल रहे हैं।

भारत और मिनी भारत में होगी रोमांचक जंग, अमेरिका और टीम इंडिया में से जो जीता वह पहुंच जाएगा अगले दौर में

# टीम इंडिया की निगाह सुपर-8 पर

### नंबर गेम

- 8 खिलाड़ी अमेरिकी टीम में भारतीय मूल के जबकि दो पाक के हैं
- 2 मुकाबले अमेरिका ने खेले हैं अब तक और दोनों सुपर ओवर में जीते
- 72 रन दूर हैं रोहित विश्व कप में 1100 रन पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज बनने से
- 130 रन अमेरिका के जोंस बना चुके हैं। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने में दूसरे नंबर पर हैं



एजेंसी । न्यूयॉर्क

एक तरफ टीम इंडिया तो दूसरी और अमेरिका की ओर से खेल रहे भारतीय खिलाड़ी। बुधवार को भारत और मिनी भारत के बीच नासाउ काउंटी मैदान की पिच पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। रोहित सेना जीत की हैट्रिक के साथ सुपर आठ में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी। पाक को हराकर बड़ा उलटफेर करने वाली अमेरिकी टीम से भारतीय टीम को बचकर रहना होगा। जरा सी भी ढीला रवैया भारत को भारी पड़ सकता है। अमेरिका की टीम भले ही अनुभवहीन है पर उसने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। भारत उसे किसी भी तरह से कम आंकने की कोशिश नहीं करेगा।

### बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

भारत के चोटी के बल्लेबाज अमेरिका के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करके आगे के कड़े मैचों के लिए लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल नहीं रही है। भारतीय बल्लेबाज पाक के खिलाफ अपने प्रदर्शन को दोहराने से बचना चाहेंगे जब टीम ने 30 रन के अंदर अपने अंतिम सात विकेट गंवा दिए थे।

### सौरभ-हरमीत फॉर्म में

अमेरिकी की टीम में आधे से ज्यादा ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका भारत की तरफ से खेलने का सपना पूरा नहीं हो पाया था। इनमें सौरभ नेत्रवलकर और हरमीत सिंह भी शामिल हैं। इन दोनों ने अपनी टीम की तरफ से अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पिच के व्यवहार ने भले ही टीमों के बीच अंतर को कम कर दिया है पर अमेरिका के लिए भारतीय टीम से पार पाना आसान नहीं होगा। अमेरिका की टीम दूसरी भारतीय टीम की तरह नजर आती है।

### टॉस होगा अहम

भारतीय टीम टॉस जीतने पर निश्चित तौर पर पहले बल्लेबाजी करना चाहेगी। अगर भारत पहले गेंदबाजी करता है तो फिर बुमराह, मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों के सामने अमेरिका के लिए तिहरे अंक में पहुंचना भी मुश्किल होगा।

### भारत के खिलाफ प्रदर्शन दिला सकता पहचान

पाक पर सुपर ओवर में जीत दर्ज करने के बावजूद अमेरिका के खिलाड़ियों की खास चर्चा नहीं है। भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन उन्हें क्रिकेट जगत में पहचान दिला सकता है। मोनंक, हरमीत, नेत्रवलकर, सिंह और नोशतुश केंजीगे की भारत से जुड़ी अपनी-अपनी कहानी हैं। जब सामने रोहित, कोहली, बुमराह और पंत हों तो मुकाबला आकर्षक होना लाजमी है। कोहली और रोहित जैसे बल्लेबाजों को गेंदबाजी करना या बुमराह जैसे गेंदबाज का सामना करने का मौका हमेशा नहीं मिलता है। ऐसे में अमेरिकी खिलाड़ियों के लिए यह यादगार मौका होगा।

### दुबे बढ़ा रहे चिंता

पिछले मैच में दुबे भारत की कमजोर कड़ी साबित हुए थे। आईपीएल में चेन्नई की तरफ से शानदार प्रदर्शन करने वाला यह आक्रामक बल्लेबाज यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने में नाकाम रहा है। ऐसे में दुबे के लिए टीम में जगह बनाए रखना आसान नहीं होगा क्योंकि यशस्वी जैसे बल्लेबाज अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। चाहल और कुलदीप जैसे कलाई के स्पिनरों को भी सुपर आठ से पहले मौका मिलना चाहिए। ऐसे में दुबे की जगह इन दोनों में से किसी एक को मौका मिल सकता है।\

ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट

## हर्षिता-श्रुति की जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर




**सिडनी।** हर्षिता राउत और श्रुति स्वेन की भारतीय जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। उन्हें मंगलवार को यहां महिला युगल के पहले दौर में लगातार गेम में हार का सामना करना पड़ा। हर्षिता और श्रुति की जोड़ी को डानिया नुगरोहो और काइ की बर्नाइस टियोह की स्थानीय जोड़ी के खिलाफ 19-21, 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अन्य भारतीयों में अभिषेक येलिगर ने पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई कर लिया। अभिषेक ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में हमवतन शाश्वत दलाल को 21-14, 21-5 से हराने के बाद दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के जेई यिंग चेन को 21-15, 21-14 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। अब वह पहले दौर में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। एचएस प्रणय इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे और बुधवार को पुरुष एकल के पहले दौर में ब्राजील के यगोर कोएलहो से भिड़ेंगे।

## सात्विक-चिराग ने नंबर एक रैंकिंग गंवाई, तीसरे स्थान पर खिसके



**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई। चीन के लियांग वेई केंग और वैंग चैंग की जोड़ी शीर्ष पर पहुंच गई है। उनके बाद डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन का नंबर आता है जिन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मई में थाईलैंड ओपन जीतकर नंबर एक रैंकिंग हासिल की लेकिन पिछले महीने सिंगापुर ओपन में पहले दौर से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन से भी नाम वापस ले लिया है।

### प्रणय-सिंधु दसवें स्थान पर

पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन क्रमशः 10वें और 14वें स्थान पर बने हुए हैं। महिला एकल में पीवी सिंधु भी 10वें स्थान पर कायम हैं। महिला युगल में पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली जोड़ी तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी एक पायदान ऊपर 19वें स्थान पर पहुंच गई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी एक पायदान के फायदे से 24वें स्थान पर हैं।

## शॉटगन निशानेबाज ओलंपिक टिकट के लिए उतरेंगे

**नई दिल्ली।** इटली के लोनाटो में बुधवार से शॉटगन विश्व कप की शुरुआत हो रही है। इसमें राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह सहित 12 भारतीय निशानेबाज शामिल होंगे। पुरुष और महिला ट्रैप क्वालीफायर के पहले तीन दौर में भारत हर स्पर्धा में तीन सदस्यों के साथ मजबूत टीम उतारेगा। इस विश्व कप में जीते गए पदक निशानेबाजों को अंक दिला सकते हैं जिससे शॉटगन टीम की घोषणा से पहले उन्हें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने में मदद मिलेगी। हालांकि अगले महीने पेरिस खेलों के लिए 15 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। पृथ्वीराज टोंडाइमन, विवान कपूर और भवनीश मेंदीरत्ता पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगे जबकि राजेश्वरी कुमारी, श्रेयसी और मनीषा कीर महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। हर स्पर्धा में शीर्ष छह खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगे। इससे पहले क्वालीफिकेशन के दो दौर होंगे।



## ओलंपिक में दो स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगी मनु

- 15 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम ओलंपिक के लिए घोषित
- 21 कोटा संभावित 24 में से भारतीय निशानेबाजों ने पहली बार हासिल किए
- 8 कोटा पिस्टल और राइफल में होते और देश के शूटरों ने सभी हासिल किए



एजेंसी । नई दिल्ली

निशानेबाज मनु भाकर पेरिस ओलंपिक में दो स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगी। मंगलवार को राइफल और पिस्टल की 15 सदस्यीय टीम में घोषित की। इसमें हरियाणा की निशोबाज मनु 10 मीटर एयर पिस्टल के साथ 25 मीटर पिस्टल सहित दो स्पर्धाओं में भाग लेने वाली अकेली खिलाड़ी हैं। भारतीय निशानेबाजी महासंघ की टीम में आठ राइफल और सात पिस्टल निशानेबाज हैं।

### रुद्राक्ष को जगह नहीं

टीम का चयन वर्चुअल बैठक में किया गया। चयन समिति ने ट्रायल्स के परिणामों को प्राथमिकता दी। इससे विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल जैसे निशानेबाजों के लिए दरवाजे बंद हो गए। पाटिल अपनी पसंदीदा 10 मीटर एयर राइफल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। इसके बावजूद वह ओलंपिक टीम में शामिल करने की गुहार लगा रहे थे क्योंकि उन्होंने कोटा हासिल किया था। निशानेबाजी में कोई व्यक्तिगत खिलाड़ी नहीं बल्कि देश को कोटा दिया जाता है।

### फ्रांस में चल रहा अभ्यास

टीम के सभी सदस्य, कोच और सहयोगी स्टाफ अभी फ्रांस के वोल्मेरेंज लेस माइंस में शिविर में भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य परिस्थितियों से तालमेल बिठाना है। ओलंपिक में जाने से पहले सभी खिलाड़ी दो सप्ताह के लिए स्वदेश लौटेंगे। शॉटगन टीम की घोषणा इटली के लोनाटो में होने वाले विश्व कप के बाद की जाएगी। यह टूर्नामेंट बुधवार से शुरू होकर 18 जून तक चलेगा।

मुंबई के मैदानों से

## रुफियान्स एफसी 4-1 से विजयी

**मुंबई।** बान्द्रा स्थित नेविल डिसूजा मैदान पर खेले गए मुंबई फुटबॉल एसोसिएशन लीग 2023-24 द्वितीय डिवीजन के मैच में रुफियान्स एफसी की टीम ने कापड़िया नगर एफसी अंडर-22 को 4-1 से पराजित किया। विजयी टीम की ओर से आरिश सुतारिया, हमज़ा मुक्बा, अनिश भाबड़ा और मोहम्मदअली राजन ने गोल दागा, जबकि विपक्षी टीम का एकमात्र गोल साद कोठीवाला ने गोल किया। अन्य मैचों में सहार सिल्वर स्टॉर ने फुटफन एफसी को 2-1 से हराया, जबकि पेना मेड्रिस्टा एफसी और मिलन एफसी के बीच खेला गया मैच 1-1 से बराबरी पर छूटा।

## स्वरा शिर्के का जोरदार प्रदर्शन

**मुंबई।** नौ वर्षीय स्वरा शिर्के ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए कांदिवली स्थित एस सी एन स्पोर्ट्स क्लब पर संपन्न हुई नौवीं सेवेन सर्विसेज तैराकी प्रतियोगिता में कुल सात स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सेंट जॉन हॉय स्कूल, बोरिवली की छात्रा स्वरा ने लड़कियों के 8-12 वर्ग में 50 मीटर फ्रीस्टॉयल और 50 मीटर बैकस्ट्रोक्स स्पर्धाओं में दो स्वर्ण हासिल किए। स्वरा ने उस समय कमाल कर दिया, जब उन्होंने 12-16 वर्षीय वर्ग में 50 मीटर्स फ्रीस्टॉयल, 100 मीटर्स मेडले, 50 मीटर्स बैकस्ट्रोक्स, 50 मीटर्स ब्रेस्टस्ट्रोक्स और 50 मीटर्स बटरफ्लाई वर्ग में और पांच स्वर्ण पदकों पर कब्जा कर लिया।

## 'जट्ट एंड जूलियट 3' में हंसी का तड़का

गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ को आखिरी बार परिणीति चोपड़ा के साथ फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में देखा गया था, जिसमें उनके काम की खूब तारीफ हुई। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। अब दिलजीत फिल्म 'जट्ट एंड जूलियट 3' में नजर आएंगे। यह फिल्म साल 2012 में आई फिल्म 'जट्ट एंड जूलियट' की तीसरी किस्त है। अब निर्माताओं ने 'जट्ट एंड जूलियट 3' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो रोमांस और कॉमेडी से भरपूर है।




### नीरू बाजवा संग बनी है दिलजीत की जोड़ी

'जट्ट एंड जूलियट 3' में दिलजीत की जोड़ी एक बार फिर नीरू बाजवा के साथ बनी है। ट्रेलर में दोनों की खूबसूरत केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। यह फिल्म 27 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'जट्ट एंड जूलियट 3' के निर्देशन की कमान अनुराग सिंह ने संभाली है। पिछली दोनों फिल्मों का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। बॉक्स ऑफिस पर 'जट्ट एंड जूलियट' की सफलता के बाद 2013 में इसका सीक्वल आया था।

## अन्नू कपूर की 'हमारे बारह' को मिली नई रिलीज तारीख

अभिनेता अन्नू कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'हमारे बारह' को लेकर सुर्खियों में हैं। हालांकि, यह फिल्म पिछले कुछ दिनों से विवादों में घिरी हुई है। निर्माताओं पर आरोप है कि वह इस फिल्म के जरिए महिलाओं की खराब छवि पेश कर रहे हैं। 'हमारे बारह' पहले 7 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब इस फिल्म की नई रिलीज तारीख पर्दा उठ गया है।

### 'हमारे बारह' में नजर आएंगे ये कलाकार

'हमारे बारह' अब 14 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें, हाईकोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी थी, जिसके बाद निर्माताओं ने फिल्म से खुद ही 2 डॉयलॉग को डिलीट करने पर सहमति जताई। राहुल बग्गा, अदिति भतपेहरी, अंकिता द्विवेदी, अदिति धीमान, शगुन मिश्रा, इश्लिन प्रसाद, कृतिका खेड़ा और रूबल जैन जैसे सितारे भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे।

### इन फिल्मों से होगा सामना

बॉक्स ऑफिस पर 'हमारे बारह' का सामना अब कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' से होगा। यह फिल्म भी 14 जून को सिनेमाघरों का रुख करेगी। कार्तिक ने इस फिल्म के लिए खूब मेहनत की है। फिल्म के लिए उन्होंने कई किलो वजन घटाया और खान-पान में भी कई बदलाव किए है। 'चंदू चैंपियन' की कहानी भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर पर आधारित है।



## अनुराग कश्यप ने की संदीप रेड्डी वांगा की तारीफ

अनुराग कश्यप अपने निर्देशन और निर्माण के साथ ही अपने बयानों के लिए भी पहचाने जाते हैं। अनुराग मुद्दों पर हमेशा अपनी राय ईमानदारी से रखते हैं। कलात्मकता का समर्थन करने के लिए पहचाने जाने वाले फिल्म निर्माता ने हाल ही में खुलासा किया कि उन्होंने बॉलीवुड को टॉक्सिक बुलाते हुए संदीप रेड्डी वांगा का बचाव क्यों किया है। इसके साथ ही उन्होंने 'एनिमल' के निर्देशक की तारीफ करते हुए उन्हें ईमानदार भी बुलाया। इंटरव्यू में अनुराग ने बताया कि उन्होंने संदीप का समर्थन इसलिए किया क्योंकि वह उन्हें बहुत पसंद हैं। वह बोले, 'मुझे वह लड़का (संदीप) पसंद है। मुझे उससे कोई परेशानी नहीं है। इंडस्ट्री में बहुत से ऐसे लोग हैं जो खुद को दूसरों जैसा दिखाने का दिखावा करते हैं, लेकिन संदीप ईमानदार हैं। मुझे लगता है कि दूसरे लोग उससे भी ज्यादा टॉक्सिक हैं, लेकिन संदीप एक ईमानदार आदमी हैं। मुझे उनसे बात करना अच्छा लगता है।' अनुराग के मुताबिक उन्हें ईमानदारी बहुत ज्यादा पसंद है। उन्हें इससे ज्यादा कुछ भी पसंद नहीं है, फिर चाहे इंडस्ट्री में मौजूद अन्य लोगों को ईमानदारी से कोई भी परेशानी क्यों ना हो। संदीप के पास ईमानदारी है और इसलिए अनुराग को वह पसंद हैं।





## 'स्त्री 2' का टीजर सिनेमाघरों में होगा रिलीज

वर्ष 2018 में आई राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री' को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। यह बॉलीवुड की यादगार फिल्मों में से एक है। अब दर्शक इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं, जो पिछले लंबे वक्त से चर्चा में है। दर्शक 'स्त्री 2' की एक झलक देखने के लिए बेताब हैं। अब फिल्म के टीजर की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। 'स्त्री 2' का टीजर इस शुक्रवार, 14 जून को रिलीज होगा।

### 'मुंज्या' के साथ रिलीज होगा 'स्त्री 2' का टीजर

'स्त्री 2' का टीजर किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नहीं, बल्कि सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। हालांकि, इसमें एक ट्विस्ट है, जो हालिया रिलीज हुई फिल्म 'मुंज्या' से जुड़ा है। 'स्त्री 2' का टीजर 14 जून को फिल्म 'मुंज्या' के साथ रिलीज होगा। निर्माताओं ने एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'ओ फ्राइडे, जल्दी आना क्योंकि 'मुंज्या' और 'स्त्री' दोनों इंतजार कर रहे हैं। 'स्त्री 2' का टीज़र 'मुंज्या' के साथ देखें सिर्फ इस शुक्रवार सिनेमाघरों में।'

## वेब सीरीज 'मिर्जापुर 3' का टीजर जारी

पंकज त्रिपाठी, अली फजल, श्वेता त्रिपाठी और विजय वर्मा जैसे सितारों से सजी वेब सीरीज 'मिर्जापुर' के तीसरे सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है। निर्माताओं ने हाल ही में सीरीज की रिलीज तारीख से पर्दा उठाया था। अब 'मिर्जापुर 3' का टीजर सामने आ गया है, जिसमें सभी कलाकारों की झलक दिखाई गई है। पंकज से लेकर अली तक, 'मिर्जापुर 3' के टीजर में किरदारों की तुलना अलग-अलग जानवरों से की गई है। 'मिर्जापुर 3' का प्रीमियर 5 जुलाई, 2024 से अमेजन प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है। OTT प्लेटफॉर्म ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'जंगल में भौकाल मचने वाला है।' सीरीज में पंकज, अली, वियज और श्वेता के अलावा रसिका दुग्गल, विवान सिंह, ईशा तलवार, शाहनवाज प्रधान, राजेश तैलांग और शीबा चड्ढा जैसे कलाकार अपने पुराने किरदारों में लौट रहे हैं। इस सीरीज का पहला सीजन 2018 में रिलीज हुआ था, वहीं इसका दूसरा भाग 2020 में आया था।



न्यूज़ ब्रीफ

## जम्मू से माता वैष्णो देवी भवन तक हेलीकॉप्टर सेवा 18 से

**नई दिल्ली।** जम्मू। जम्मू से रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी के भवन गुफा मंदिर तक आने-जाने के लिए 18 जून से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सोमवार को यह घोषणा की। बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने कहा कि बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए जम्मू से हेलीकॉप्टर सेवा का निर्णय लिया गया है। लोग बोर्ड की वेबसाइट से हेलीकॉप्टर सेवा की बुकिंग कर सकते हैं। श्रद्धालुओं को मंदिर के पास पंछी हेलीपैड पर उतरने के बाद भवन ले जाया जाएगा। तीर्थयात्रियों को एक विशेष दर्शन पर्ची, प्रसाद, भैरव मंदिर में पूजा करने के लिए प्राथमिकता टिकट, केबल कार और पंछी हेलीपैड पर पहुंचने व जम्मू हवाई अड्डे के लिए हेलीकॉप्टर में सवार होने के लिए बैटरी कार सेवा प्रदान की जाएगी। वर्तमान में हेलीकॉप्टर सेवा केवल कटरा व सांझीछत के बीच उपलब्ध है।

## कनाडा में इंदिरा गांधी की हत्या के महिमामंडन पर राजदूत की सफाई

**कनाडा।** खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच तनातनी बनी हुई है। ये मामला अभी शांत नहीं हुआ कि अब कनाडा में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का महिमामंडन किया गया। ब्रैम्पटन शहर में बकायदा एक झांकी निकाली गई और इसमें इंदिरा गांधी की हत्या का महिमामंडन किया गया। इस घटना पर दुनिया के कई देशों समेत भारत ने भी आपत्ति जताई है। भारत में कनाडा के राजदूत कैमरन मैके ने भी इस घटना की निंदा की है। मैके का कहना है कि कनाडा में हिंसा को बढ़ावा दिया जाना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा।

## BJP ने रविशंकर प्रसाद और तरुण चुघ को बनाया केंद्रीय पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय बोर्ड ने अरुणाचल प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए सांसद रविशंकर प्रसाद और पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्ति किया है। हाल के अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है। राज्य की साठ विधानसभा सीट में से भाजपा ने 46 पर जीत दर्ज की। जबकि नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने पांच सीट हासिल कीं। वहीं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने तीन, पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने दो, कांग्रेस ने एक और निर्दलीयों ने तीन सीट पर जीत हासिल कीं।

## राहुल का वंशवाद की राजनीति को लेकर भाजपा पर निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगवलार को वंशवादी राजनीति को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मंत्रिमंडल को 'परिवार मंडल' करार दिया। उनका इशारा मोदी 3.0 सरकार में उन मंत्रियों की ओर था जो राजनीतिक परिवारों से आते हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'पीढ़ियों से संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने सरकारी परिवार को सत्ता की वसीयत बांट रहे।

# आचार संहिता हटते ही भर्ती प्रक्रिया शुरू

### 863 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा

▶▶ **जेल से लेकर तकनीकी विभागों में नौकरी के लिए ऑनलाइन परीक्षा होगी**

▶▶ **जिला अदालतों और फैमिली कोर्ट में 192 पदों को भरने के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी**




**एजेंसी । नई दिल्ली**

आचार संहिता खत्म होने के बाद अब रुके हुए सरकारी कार्यों के साथ-साथ भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) ने बीते साल जारी की गई 863 रिक्तियों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा शुरू कर दी है। वहीं, आचार संहिता लागू होने से पहले जारी की गई भर्तियों के लिए अब परीक्षा कार्यक्रम जल्द ही जारी होगा। ऐसे में युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। डीएसएसएसबी ने नवंबर-2023 में दिल्ली जेल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट समेत अन्य विभागों में तकनीकी और गैर तकनीकी स्टाफ की भर्ती के लिए आदेश जारी किया था। विभाग ने 863 पदों के लिए अहर्ताएं जारी कर आवेदन मांगे थे। बीते साल 12 दिसंबर तक इन पदों के लिए पात्र युवाओं ने आवेदन किया था। इस वर्ष मार्च में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो जाने के कारण प्रक्रिया पर कुछ समय के लिए ब्रेक लग गया था। अब डीएसएसएसबी ने इन 863 में से कुछ पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा का शेड्यूल जारी किया है।

### इन पदों के लिए परीक्षा का शेड्यूल जारी किया गया

- दिल्ली के तीनों जेल में वार्डर
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में रीफ्रेक्शनिस्ट (चश्मे संबंधी डॉक्टर)
- ड्रग कंट्रोल विभाग में सीनियर साइंटिफिक असिस्टेंट केमिस्ट्री
- विभिन्न विभागों में असिस्टेंट इंजीनियर सिविल
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में टेक्निकल असिस्टेंट कॉर्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, रेस्पीरेट्री लैब के लिए।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में जूनियर रेडियोथेरेपी टेक्निशियन
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में टेक्निकल असिस्टेंट ग्रुप-4

### 30 जून तक के लिए जारी हुआ शेड्यूल

डीएसएसएसबी ने 10 से लेकर 30 जून तक ऑनलाइन परीक्षा का शेड्यूल जारी किया है। 10 और 11 जून को परीक्षा हो चुकी है। अब बुधवार 12 जून से 19 जून तक तीन पालियों में परीक्षा होगी। बुधवार को पहली पाली में सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक दिल्ली जेल के वार्डर, 12:30 बजे से 2:30 बजे तक वार्डर व जूनियर रेडियोथेरेपी टेक्निशियन और शाम 4:30 बजे से 6:30 बजे तक वार्डर और टेक्निकल असिस्टेंट ग्रुप-4 के लिए परीक्षा होगी। 13 जून से 20 जून तक (17 जून को छोड़कर) वार्डर पद के लिए, 22 जून को वार्डर, रीफ्रेक्शनिस्ट, सहायक अभियंता सिविल, सीनियर साइंटिफिक असिस्टेंट, विभिन्न विभागों के तकनीकी सहायक पदों के लिए परीक्षा होगी। 23 जून को सिर्फ शाम की पाली में सहायक अभियंता सिविल पद के लिए और इसके बाद 30 जून को इसी पद के लिए तीन पालियों में ऑनलाइन परीक्षा होगी।

### अदालतों में 192 पद भरे जाएंगे

दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से दिल्ली की जिला अदालतों और परिवार न्यायालयों में खाली पड़े समूह ग के विभिन्न पद भी भरे जाएंगे। इन पदों पर आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। डीएसएसएसबी की ओर से जल्द ही इन पदों के लिए भी परीक्षा का शेड्यूल जारी जाएगा। रिक्त पदों की संख्या से कहीं ज्यादा संख्या में आवेदकों ने आवेदन किया है।

# दिल्ली के कई इलाकों में बिजली संकट

**एजेंसी । नई दिल्ली**



बूंद-बूंद पानी को तरसती दिल्ली में अब बिजली संकट भी गहरा गया है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने यह जानकारी दी है। आतिशी ने कहा कि यूपी के मंडोला में पीजीसीआईएल के एक सब-स्टेशन में आग लगी है। इस सब-स्टेशन से दिल्ली को 1500 मेगावॉट बिजली मिलती है। आतिशी ने बताया कि मंडोला सब-स्टेशन में आग लगने की वजह से दिल्ली के कई हिस्सों में पावर कट हुआ है। यह बहुत गंभीर मुद्दा है। यह बहुत चिंता की बात है कि मौजूदा वक्त में देश का इलेक्ट्रिसिटी इफ्रास्ट्रक्चर फेल हो चुका है...

### कौन से इलाके प्रभावित?

आतिशी ने बताया कि 2 बजकर 11 मिनट से दिल्ली के कई हिस्सों में पावर कट हुआ। इससे पूर्वी दिल्ली का काफी हिस्सा, आईटीओ का हिस्सा, दक्षिणी दिल्ली में सुखदेव विहार, आश्रम, सरिता विहार समेत कई इलाके प्रभावित हुए। हालांकि दिल्ली की बिजली कंपनियों ने तेजी से काम करते हुए अगल-अलग इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल करना शुरू कर दिया है।

### दिल्ली सरकार विकल्पों पर कर रही काम

मंत्री आतिशी ने कहा कि फिलहाल दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी की बिजली कंपनियों से इस मसले पर बात कर रही है। इसके फौरी समाधान के लिए दिल्ली के अन्य पॉवर स्रोतों (जैसे एन-1) से लिंक किया जा रहा है।

# मोदी कैबिनेट गठन के बाद राज्यों को मिला पैसा

### उत्तर प्रदेश को सबसे ज्यादा 25 हजार करोड़ टैक्स डिवोल्यूशन

▶▶ **बिहार के हिस्से आए 14 हजार करोड़ रुपए**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र ने जून के लिए राज्यों को 1,39,750 करोड़ रुपए का टैक्स डिवोल्यूशन (कर हस्तांतरण) जारी करने की मंजूरी दे दी। वित्त मंत्रालय ने बताया कि डिवोल्यूशन अमाउंट की नियमित रिलीज के अलावा, एक अतिरिक्त किस्त जारी करने का भी फैसला लिया है।

### क्या है टैक्स डिवोल्यूशन?



टैक्स डिवोल्यूशन यानी, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच टैक्स रेवेन्यू का डिस्ट्रीब्यूशन। यह केंद्र और राज्यों के बीच कुछ टैक्सों से होने वाली कमाई को उचित और न्यायसंगत तरीके से अलॉकेट करने के लिए स्थापित एक कॉन्स्टिट्यूशनल मैक्निज्म है। अभी केंद्र सरकार जो भी टैक्स कलेक्ट करती है उसका 41% राज्यो को एक वित्त वर्ष में 14 किश्तों में वितरित करती है। वित्त वर्ष 2024-25 में जून महीने के लिए जारी गई इस राशि के साथ कुल 2 लाख 79 हजार 500 करोड़ रुपए राज्यों को दिए गए हैं।

### UP को सबसे ज्यादा 25 हजार करोड़ टैक्स डिवोल्यूशन

नई किस्त में सबसे ज्यादा टैक्स डिवोल्यूशन पाने वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश (25069 करोड़) पहले नंबर पर है। बिहार को (14056 करोड़) दूसरे नंबर पर और मध्य प्रदेश (10970 करोड़) तीसरे नंबर पर है। सबसे कम सिक्किम (542 करोड़) है।

# सुप्रीम कोर्ट का NEET काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार

▶▶ **एनटीएम से मांगा जवाब**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को NEET काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। ये याचिका स्टूडेंट शिवांगी मिश्रा और 9 अन्य छात्रों ने रिजल्ट की घोषणा से पहले 1 जून को दायर की थी। इसमें बहिर और राजस्थान के एग्जाम सेंटर्स पर गलत क्वेश्चन पेपर्स बंटने के चलते हुई गड़बड़ी की शिकायत की गई थी और परीक्षा रद्द कर SIT जांच की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने परीक्षा कराने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी NTA को नोटिस जारी करते हुए कहा- NEET UG की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है। हमें इसका जवाब चाहिए।

### अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की वैकेशन बेंच ने मामले की सुनवाई की। अब इस मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी।




### 10 जून को भी दायर की गई थी याचिकाएं

सुप्रीम कोर्ट में 10 जून को भी NEET रिजल्ट पर रोक लगाने की याचिका दायर की गई हैं। याचिकाकर्ताओं ने NEET UG एग्जाम 2024 में ग्रेस मार्क्स देने में मनमानी का आरोप लगाया है। एक एग्जाम सेंटर के 67 कैंडिडेट्स को पूरे 720 मार्क्स मिले हैं, इस पर भी याचिकाकर्ताओं ने संदेह जताया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर नई याचिका में 5 मई को आयोजित NEET UG एग्जाम का पेपर लीक होने की व्यापक शिकायतों का भी हवाला दिया गया है।

**तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से दायर हुई याचिका :** याचिका में कहा गया था कि रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स देना NTA का मनमाना फैसला है। स्टूडेंट्स को 718 या 719 मार्क्स देने का कोई मैथमेटिकल आधार नहीं है।ये याचिका स्टूडेंट वेलफेयर के लिए काम करने वाले अब्दुल्ला मोहम्मद फैज और डॉक्टर शेख रोशन ने दायर की थी। ये दोनों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में स्टूडेंट्स वेलफेयर के लिए काम करते हैं।

# RSS सदस्य ने बीजेपी IT सेल हेड से माफी मांगी

**नई दिल्ली।** बीजेपी-IT सेल हेड अमित मालवीय पर कांग्रेस ने महिलाओं के यौन शोषण के आरोप लगाए थे। कांग्रेस ने RSS सदस्य सांतनु सिन्हा की फेसबुक पोस्ट को आधार बनाया था। इस पर अमित मालवीय ने सांतनु को 10 करोड़ का मानहानि का नोटिस भेजा था और पोस्ट डिलीट करने के साथ बिना शर्त माफी मांगने को कहा था। मंगलवार (11 जून) को सांतनु ने अमित मालवीय से जुड़ी पोस्ट के लिए बिना शर्त माफी मांगी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- मुझे इस बात से बहुत दुख है कि देश की सबसे घटिया और भ्रष्ट राजनीतिक पार्टी कांग्रेस अमित मालवीय और भाजपा के खिलाफ नफरत का अभियान चला रही है।

### विवादित पोस्ट को हटाने से किया इनकार

उन्होंने कहा कि मैं यह स्पष्ट संदेश देना चाहता हूं कि इस पोस्ट का उद्देश्य मालवीय को बदनाम करना नहीं था, बल्कि यह एक चेतावनी थी कि वे हनी ट्रैप में न फंसें, जिसे सबसे पaहले बीजेपी के पूर्व स्टेट प्रेसिडेंट तथागत रॉय ने उजागर किया था। सांतनु ने कहा कि अगर मेरी पोस्ट से मालवीय को ठेस पहुंची है और मेरी पार्टी की छवि खराब हुई है तो मैं इसके लिए दिल से दुख व्यक्त करता हूं। हालांकि, सिन्हा ने विवादित पोस्ट को हटाने से इनकार किया है।

# ओडिशा के नए CM होंगे मोहन माझी

### दो डिप्टी सीएम भी मिले, आज शपथ

**एजेंसी । भुवनेश्वर**

मोहन चरण माझी ओडिशा के 16वें मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें मंगलवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। माझी ओडिशा के आदिवासी सीएम होंगे। इसके अलावा, दो डिप्टी सीएम (उपमुख्यमंत्री) भी होंगे। केवी सिंहदेव और प्रावति परिदा ओडिशा की भाजपा सरकार में दो डिप्टी सीएम होंगे। इससे पहले ओडिशा के वरिष्ठ सांसद धर्मेंद्र प्रधान के नाम को लेकर अटकलें चल रही थीं। हालांकि उन्हें दो दिन पहले केंद्र सरकार में मंत्री नियुक्त किए जाने के बाद उनके राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनने की संभावना क्षीण हो गईं। इसके बाद, सबकी नजरें ब्रजराजनगर क्षेत्र से विधायक सुरेश पुजारी पर थीं, जो सोमवार को नई दिल्ली से लौटे थे। पुजारी के अलावा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल, के. वी. सिंह भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल थे। लेकिन मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की तरह, भाजपा ने ओडिशा में भी एक चौंकाने वाला नाम घोषित किया।




### आज होगा शपथ ग्रहण

12 जून को ओडिशा की नई भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता शामिल होंगे। 53 वर्षीय मोहन माझी आदिवासी समुदाय से आते हैं। क्योंझर विधानसभा सीट से चार बार विधायक चुने गए माझी एक मजबूत आदिवासी चेहरा हैं और अपनी जनसेवा और संगठनात्मक कौशल के लिए जाने जाते हैं। इस बार क्योंझर विधानसभा सीट से ओडिशा के नामित सीएम मोहन माझी ने बीजू जनता दल (बीजद) की मीना माझी को हराया था।

# कानून मंत्री मेघवाल से पास की नई 'मुकदमा नीति'

### अब कैबिनेट की मंजूरी का इंतजार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्रालय ने राष्ट्रीय मुकदमा नीति के दस्तावेज को अंतिम रूप दे दिया है। इसका उद्देश्य यह है कि देश की विभिन्न अदालतों में लंबित पड़े मामलों का त्वरित समाधान किया जाए। कानून राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय मुकदमा नीति के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। अब आने वाले दिनों में मुकदमा नीति को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। सूत्रों की मानें तो यह नीति मोदी 3.0 सरकार के 100 दिन के एजेंडे का हिस्सा है। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल



ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता न्यायालयों, न्यायाधिकरणों और उपभोक्ता अदालतों में लंबित पड़े मामलों की न्याय प्रक्रिया में तेजी लाना है। इस मामले जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि दस्तावेज में लंबित पड़े मामलों के त्वरित समाधान का जिक्र किया गया है।

**अपराध** रील लाइफ के हीरो पर रियल लाइफ में मर्डर का आरोप!

# हीरो, हिरोइन और मर्डर : कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन पर हत्या का आरोप

**एजेंसी । नई दिल्ली**

फेमस कन्नड़ एक्टर दर्शन थुगुदीपा पर हत्या का संगीन आरोप लगा है। एक्टर को बेंगलुरु पुलिस ने 11 जून को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। अभिनेता को मैसूर के होटल से उठाया गया था और पुलिस ने बाद में उन्हें आगे की पूछताछ के लिए बेंगलुरु भेज दिया। ये पूरा मामला किसी फिल्मी स्टोरी से कम नहीं है, जिसमें सस्पेंस भी है, थ्रिल भी है और सबसे बड़ी बात ये कि इसके तार किसी सेलिब्रिटी से जुड़े हैं। पहले आप इस पूरी वारदात के सबसे बड़े किरदार दर्शन थुगुदीपा के बारे में जान लें। जिन्हें दर्शन के नाम से जाना जाता है और सैंडलवुड के सबसे प्रमुख सितारों में से एक हैं। उनके पिता श्रीनिवास अपने समय के एक लोकप्रिय अभिनेता थे और उनके भाई दिनाकर एक डायरेक्टर हैं। दर्शन ने 1997 में आई फिल्म 'महाभारत' से बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। 27 साल के फिल्मी करियर में, उन्होंने 75 से ज्यादा फिल्मों में एक्टिंग की है। हालांकि, उन्हें सबसे ज्यादा सफलता 2001 की एक्शन क्राइम थ्रिलर 'मैजेस्टिक' से मिली। अब आते हैं रील लाइफ से रियल लाइफ पर... तो ये पूरा मामला तब शुरू हुआ, जब रविवार को चित्रदुर्ग जिले के रहने वाले 47 साल के रेनुकास्वामी नाम के एक शख्स का शव पुलिस को कामाक्षीपाल्या पुलिस स्टेशन के पास एक नाले में मिला। रेनुकास्वामी पिछले दो महीनों से लपाता था और घर वालों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।



### हत्या से दर्शन का क्या संबंध?

अब समझते हैं कि रेनुकास्वामी की हत्या के मामले से कन्नड़ एक्टर का क्या संबंध है। आरोप है कि रेनुकास्वामी ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक फिल्म एक्ट्रेस पवित्रा गौड़ा के खिलाफ कुछ अपमानजनक टिप्पणी की थी। कई रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया जा रहा है कि शुरुआती जांच में पता चला कि रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील मैसेज भी भेजे थे। कहानी में आगे बढ़ने से पहले ये भी जानना जरूरी है कि पवित्रा गौड़ा कौन हैं। दरअसल पवित्रा गौड़ा और एक्टर दर्शन के बीच काफी नजदीकी संबंध हैं। कई रिपोर्ट्स में पवित्रा को दर्शन की दूसरी पत्नी बताया गया, तो किसी में दोनों को काफी अच्छा दोस्त कहा जा रहा है।

### दर्शन ने रेणुकास्वामी को बेंगलुरु बुलाया

अब कहानी में आगे आते हैं। सूत्रों ने बताया कि पवित्रा ने रेणुकास्वामी की इस हरकत की शिकायत दर्शन से की। इस पर दर्शन ने कथित तौर पर अपने एक साथी विनय से कहा कि वो रेणुकास्वामी को बेंगलुरु लेकर आए। उसके बाद उसे कथित तौर पर प्रताड़ित किया गया और मार डाला गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित, आठ आरोपियों ने ये दावा किया कि रेणुकास्वामी पर हमले के दौरान दर्शन भी वहां मौजूद थे। कथित तौर पर पीड़ित को लकड़ी के लट्ठों से मारा पीटा गया था।

### कुत्ते शव को नोंच रहे थे

अपराधियों का इरादा शव को वृषभावती घाटी में ठिकाने लगाने का था, लेकिन शव फंसा हुआ था और कुत्ते उसको नोंच रहे थे। इसलिए उसे नाले में फेंक दिया गया। शव को करीब दो महीने पहले पुलिस स्टेशन के पास, कामाक्षीपाल्या में एक नाले में फेंक दिया गया था। हत्या कथित तौर पर पट्टानगेरे में एक कार शेड में की गई थी, जो आरोपियों में से एक के चाचा की है। नाले में शव मिलने के बाद पुलिस ने चित्रदुर्ग में दर्ज एक गुमशुदगी की शिकायत से इसके तार जोड़े, इलाके के CCTV चेक किए और मालूम पड़ा कि ये लाश रेणुकास्वामी की है।

# वीआईपी सुरक्षा में बड़े बदलाव के संकेत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत करते ही एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। वहीं, केंद्र सरकार अब वीआईपी सुरक्षा में बड़े बदलाव करने की योजना बना रही है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि नए मंत्रियों ने कार्यभार संभालते ही एनएसजी और आईटीबीपी द्वारा एक दर्जन से अधिक उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की सुरक्षा का जिम्मा अन्य अर्धसैनिक बलों को सौंप दिया गया है।



### गृह मंत्रालय जल्द करेगा समीक्षा

गृह मंत्रालय अब इस बारे में जल्द ही समीक्षा करेगा और कई राजनीतिक हस्तियों, पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों और कुछ अन्य लोगों को दी गई सुरक्षा को वापस लिया जा सकता है या फिर उसको कम कर दिया जाएगा। वहीं, गृह मंत्रालय इस दौरान एनएसजी के 'ब्लैक कैट' कमांडो को वीआईपी सुरक्षा ड्यूटी से पूरी तरह से हटा सकता है।